रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/97

REGISTERED NO. DL—33001/97

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 31] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 2, 1997 (श्रावण 11, 1919)

No. 31] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 2, 1997 (SRAVANA 11, 1919)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं .	465
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	711
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	5
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1165
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . .	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) . . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) .	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	987
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . . .	1059
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	--
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं । .	2271
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	265
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	465
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	711
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1165
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)— Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories).	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India .	687
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	1059
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2271
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	265
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi	*

*Folios not Received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 जुलाई 1997

सं. 27-प्रेज/97—राष्ट्रपति, असम सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री जे. सी. बर्मन,
पुलिस उपाधीक्षक,
मुख्यालय, जिला सोनितपुर

श्री एम. सी. बोराह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
जिला सोनितपुर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 10-6-1995 को देर रात्रि को सोनितपुर के पुलिस अधीक्षक को एक श्री अनिल सराफ नामक व्यक्ति से सूचना मिली कि छह अज्ञात बदमाशों द्वारा उनके भाई रवि सराफ का एक ब्रीफ केस, जिसमें 35,000/- रु. थे, समेत अपहरण कर लिया गया है तथा वे जंगलों की ओर भाग गए हैं। रवि सराफ की रिहाई के लिए उन्होंने 30 लाख रुपये फिरौती की मांग भी की है। दिनांक 12-6-1995 को पुलिस उपाधीक्षक, तेजपुर और उनके दल ने प्राप्त हुए सुरागों के आधार पर अपराधियों के उन दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने उस व्यक्ति का अपहरण किया था। और अधिक पूछताछ करने पर उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनके द्वारा दिए गए सुरागों के आधार पर श्री जे. सी. बर्मन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ने उप-निरीक्षक श्री एम. सी. बोराह और सशस्त्र बल की टुकड़ी के साथ 13-6-1995 को वन क्षेत्र की पांच घंटों से अधिक तक छानबीन की। उन्होंने पहाड़ी की चोटी पर एक छोटी झोंपड़ी देखी। श्री बर्मन ने तुरन्त बल कर्मियों को सतर्क किया और इलाके की घेराबन्दी कर दी। श्री बर्मन ने पुलिस दल का नेतृत्व किया तभी उनका अचानक उनके छिपने के स्थान पर एक सशस्त्र सन्तरी के साथ आमना-सामना हो गया। समय गंवाए बिना कार्बाईन से गोलियां चलाते हुए वह उस सशस्त्र सन्तरी के ऊपर झपट पड़े और उसको .12 बोर की भरी हुई बन्दूक सहित उसे पकड़ लिया। इस बीच श्री महेश बोराह ने एक अन्य उग्रवादी को पकड़ लिया, जो इस अचानक हमले से भौंचक्का हो गया था। तथापि, शेष उग्रवादी अंधेरे और घने जंगल का लाभ उठाते हुए बच कर भाग निकले। इस प्रकार श्री बर्मन और उनके दल ने अपहृत व्यक्ति और लूटी गई धनराशि में से कुछ राशि भी बरामद कर ली। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी, बोडो लिब्रेशन टाईगर फोर्स के कार्यकर्ता थे। वे धन एंठने और हत्या करने के अनेकों मामलों में संलिप्त थे। दूर तक मारक क्षमता वाले कारतूसों से भरी .12 बोर की एक बन्दूक भी उनके बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में श्री जे. सी. बर्मन, पुलिस उपाधीक्षक और श्री एम. सी. बोराह, पुलिस उप निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10-6-95 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 28-प्रेज/97—राष्ट्रपति, बिहार सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री द्वारिका पाल,
पुलिस उप-निरीक्षक,
प्रभारी अधिकारी, थाना भावीर,
जिला-भागलपुर।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

18-7-1995 को लगभग 7.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि श्रीलूटन साओ, जिसका अपहरण 17/18 जुलाई, 1995

की मध्य-रात्रि को किया गया था, के अपहरणकर्ता गांव प्रहलादपुर में छिपे हुए हैं। उप निरीक्षक द्वारिका पाल, प्रभारी अधिकारी, थाना भादौर, ने तत्काल एक छापामार दल गठित किया और 4.00 बजे अपराह्न उनके छिपने के स्थान पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्हें पता चला कि अपहरणकर्ता गांव रामपुर चले गए हैं। पुलिस पार्टी तुरंत वहां गयी और महतो नामक व्यक्ति के मकान को घेर लिया, जिसमें अपहरणकर्ता, अपहृत व्यक्ति के साथ छिपे हुए थे। जैसे ही पुलिस कार्मिकों ने मोर्चा सम्भाला, अपराधियों ने मकान के अन्दर से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। श्री द्वारिका पाल अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ तत्काल घर के अन्दर घुस गए और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। उन्होंने पार्टी के अन्य कार्मिकों को आत्मरक्षा में गोलियां चलाने का भी निदेश दिया। जब श्री पाल ने घर में प्रवेश किया तो उनके पेट को गोलियों से भेद दिया गया और वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, उन्होंने अपराधियों पर दबाव बनाने के लिए अपने रिवाल्वर से गोलियां चलायी। अन्य पुलिस कार्मिकों ने भी अपराधियों पर गोलियां चलायी। अपने आपको दृढ़ निश्चयी पुलिस कार्मिकों के आमने-सामने पाकर अपराधी घबरा गए और वे अपहृत व्यक्ति को छोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस कार्मिकों ने तुरंत उनका पीछा किया और उनमें से तीन को पकड़ लिया। तथापि, शेष अपराधी भागने में सफल हो गए। घायल उप निरीक्षक श्री द्वारिका पाल को इलाज के लिए पटना मेडीकल कालेज ले जाया गया। गिरफ्तार अपराधियों की शिनाख्त, बाद में, (1) अरविन्द कुमार (2) राम विलास यादव (3) जदा नन्द महतो के रूप में की गयी। तलाशी के दौरान घटनास्थल से बड़ी संख्या में सक्रिय कारतूसों के साथ एक देशी पिस्तौल बरामद की गयी। इस गिरोह के सभी सदस्य बड़ी संख्या में जघन्य अपराधों और अन्य सनसनीखेज अपराधों में संलिप्त थे।

इस मुठभेड़ में, श्री द्वारिका पाल, पुलिस उप निरीक्षक ने ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18-7-95 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 29-प्रेज/97—राष्ट्रपति, बिहार सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री राम कृपाल शर्मा,
पुलिस उप-निरीक्षक,
प्रभारी अधिकारी, रामगढ़।

श्री सुनील कुमार,
पुलिस उप-निरीक्षक,
मोहानियां।

श्री बालेश्वर पासवान,
हवलदार,
पुलिस लाइन, भाभुवा।

श्री हरिद्वार शर्मा,
हवलदार,
डी.ए.पी., भाभुवा।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

13 मार्च, 1994 को श्री एम. के. सिंघल, पुलिस अधीक्षक को 8-9 बदमाशों के एक गांव में उपस्थित होने के बारे में विशिष्ट सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक, उपलब्ध बल के साथ तुरंत उस जगह पर गए और पुलिस बल को दो दलों में विभाजित किया, प्रत्येक दल का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक और सब-डिवीजनल पुलिस आफिसर ने किया। संदिग्ध मकान में प्रवेश करने पर, सब-डिवीजनल पुलिस आफिसर और उसके दल पर अन्दर से गोलीबारी की गयी। जब पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो एक अपराधी बाहर आया और उसने सब-डिवीजनल पुलिस आफिसर पर गोली चला दी लेकिन निशाना चूक गया। सब-डिवीजनल पुलिस आफिसर के साथ-साथ हवलदार बालेश्वर पासवान द्वारा की गयी जवाबी गोली से अपराधी मारा गया। गोलीबारी की कवर में, भाग रहे अन्य अपराधियों का पीछा, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व वाले दल द्वारा किया गया और उन्होंने नजदीक के एक गांव में आड़ ली। कुमुक पहुंचने के बाद, गांव वालों से एकत्र होने का अनुरोध किया गया, जहां पर पुलिस अधीक्षक को यह बताया गया कि कुछ अपराधी मकान में छिपे हो सकते हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक ने उस मकान को घेरने का निदेश दिया। सब-डिवीजनल पुलिस आफिसर और उनके दल ने, जिसमें तीन उप-निरीक्षक थे, एक तरफ से तलाशी लेनी शुरू की, जबकि दूसरे दल, जिसमें दो होमगार्ड सहित एक निरीक्षक और उप-निरीक्षक राम कृपाल शर्मा और उप-निरीक्षक सुनील कुमार थे, ने दूसरी तरफ से तलाशी लेनी शुरू की, जब दूसरे दल ने उस मकान में घुसने की कोशिश की तो बदमाशों ने उन पर दो दिशाओं से गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप एक होमगार्ड की मृत्यु हो गयी और उप-निरीक्षक सुनील कुमार गोली लगने से

ज़ख्मी हो गए, जिन्होंने अपनी सर्विस रिवाल्वर से तुरंत जवाबी गोली चलायी । श्री राम कृपाल शर्मा, उप-निरीक्षक और एकमात्र होमगार्ड अपराधियों पर लगातार गोलियां चलाते रहे ताकि सुनील कुमार उप-निरीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी, जिन्होंने अचानक अपने आपको घिरा हुआ पाया, वहां से हट सकें । अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक और उसके दल ने गांव की घेराबंदी कर ली तथा तीनों सशस्त्र अपराधियों को गांव के दूसरे छोर को भागने के लिए मजबूर किया । उनका पीछा करते हुए हवलदार बालेश्वर पासवान ने तेजी से जवाबी गोलीबारी की और हवलदार हरिद्वार शर्मा तथा उप-निरीक्षक राम कृपाल शर्मा ने एक अपराधी को मार गिराया । शेष अपराधी भी गोलीबारी में मारे गए । मारे गए 4 अपराधियों में से 3 की शिनाख्त राम सिंह कामकार, त्रिवेणी कोयरी और राम दयाल कोयरी के रूप में की गयी तथा चौथे अपराधी की शिनाख्त नहीं हो पायी । निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारूद बरामद किया गया :—

(1) 315 बोर की एक राइफल और एक डी. बी. बी. एल. गन ।

(2) एक अर्ध स्वचालित माउजर राइफल और कुछ सक्रिय कारतूस ।

(3) सक्रिय कारतूसों के साथ चार डी. बी. बी. एल. गन (इसे उप-निरीक्षक आर. के. शर्मा द्वारा बाद में बरामद किया गया) ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री राम कृपाल शर्मा और सुनील कुमार, उप-निरीक्षक, बालेश्वर पासवान और हरिद्वार शर्मा, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13-3-1994 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 30-प्रेज/97—राष्ट्रपति, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और पद

श्री करतार सिंह,
हैड-कान्सटेबल (अब सहायक उप-निरीक्षक)
पूर्वी जिला ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15-7-95 को तिलक नगर, दिल्ली के श्री जितेन्द्र नामक व्यक्ति ने राम पाल, जिसने जितेन्द्र को मारने की धमकी दी थी, के खिलाफ एक रिपोर्ट दर्ज करायी । एक मामला दर्ज किया गया और इस मामले को राजबीर सिंह, निरीक्षक के सुपुर्द किया गया । जांच-पड़ताल के दौरान, राम पाल द्वारा प्रयुक्त सफेद रंग की मारूति कार की पंजीकरण संख्या/ब्यौरे एकत्र किए गए । 19-7-95 को श्री जितेन्द्र को राम पाल से पुनः धमकियां मिली । उप पुलिस आयुक्त (पश्चिमी) के साथ, स्थिति पर विचार-विमर्श करने के बाद, चार पुलिस दल बनाए गए, जिनमें 16 पुलिस कार्मिक थे :—प्रथम दल में, श्री दीपक मिश्रा, पुलिस उप-आयुक्त, एल. एन. राव, सहायक पुलिस आयुक्त और अन्य थे, दूसरे दल में राजबीर सिंह, निरीक्षक और हैड-कांस्टेबल, करतार सिंह और अन्य थे, तीसरे दल में मोहन चन्द, उप-निरीक्षक और हैड-कांस्टेबल राकेश तथा चौथे दल में हैड-कांस्टेबल जय किशन और अन्य पुलिस कांस्टेबल थे । योजना के अनुसार, दूसरे दल ने जितेन्द्र के मकान पर सख्त निगरानी रखी और अन्य तीन दलों को तैयार रखा गया । लगभग 2.00 बजे पूर्वाह्न को श्री राजबीर सिंह (दल सं. 2) ने जितेन्द्र के मकान के नजदीक एक सफेद मारूति कार देखी और इसे रूकने के लिए कहा लेकिन कार भाग निकली । यह समाचार तत्काल शेष तीन दलों को भेजा गया । श्री राजबीर सिंह ने कार का पीछा किया और इसकी दिशाओं के बारे में अन्य दलों को भी लगातार सूचना देते रहे । यह कार, दिल्ली सीमा पार करने के बाद, अन्ततः फरीदाबाद पहुंची और राजेन्द्र मोटर्स के सामने रूकी । कार से, रामपाल सहित दो व्यक्ति उतरे और साथ ही साथ सभी दलों ने उस स्थान को घेर लिया । पुलिस उप-आयुक्त/पश्चिमी ने उनसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, जिसके बदले उन्होंने आगे बढ़ रहे दूसरे दल पर गोलियां चलायी, जिसके परिणामस्वरूप हैड-कांस्टेबल करतार सिंह, दाहिनी बांह में गोली लगने से घायल हो गए । उसके बाद पुलिस उप-आयुक्त/पश्चिमी, ने सभी दलों को मोर्चा सम्भालने और जवाबी गोलीबारी करने का निदेश दिया । जब बदमाशों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गयी तो राम पाल और उसके साथी नरेश का शव पाया गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल, खाली कारतूस, एक अतिरिक्त भरी हुई मेगजीन और एक रिवाल्वर बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री करतार सिंह, हैड-कांस्टेबल (अब सहायक उप निरीक्षक) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपराणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15-7-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 31-प्रेज/97—राष्ट्रपति दिल्ली सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री ओम प्रकाश (मरणोपरान्त)
हैड-कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

श्री ओम प्रकाश, हैड-कांस्टेबल और श्री उमेद सिंह को, एक वांछित अपराधी चन्द्र मोहन को गिरफ्तार करने के लिए तैनात किया गया था । 12-6-96 को लगभग 7.30 बजे अपराह्न वे उक्त स्कूटर पर गांव-सारा (इन्डोरा) पहुंचे । मुखबिर से अपराधी का अता-पता करने के बाद श्री ओम प्रकाश अकेले ही इन्डोरा की थानी में वांछित अपराधी की उपस्थिति का पता लगाने के लिए उसके छिपने के स्थान की तरफ आगे बढ़े । नाला पार करने के बाद वे पहाड़ी के उपरी हिस्से से गए और उस स्थान पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि कुछ दूरी पर, दो व्यक्ति उस तरफ आ रहे हैं । उनमें से एक चन्द्रमोहन पंडित था और दूसरा मनजीत था । उन्होंने उन दोनों से निपटने और मार गिराने का निर्णय लिया । इससे पहले कि श्री ओम प्रकाश अपना हथियार निकालते, चन्द्र मोहन ने उन पर दो गोलियां चलायी और उन्हें तत्काल वहीं पर मार गिराया । बाद में पुलिस ने मनजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया लेकिन चन्द्र मोहन भागने में सफल हो गया । श्री ओम प्रकाश ने सेवा की उच्चतम परम्परा को बनाए रखते हुए उच्चकोटि का बलिदान दिया ।

इस मुठभेड़ में श्री ओम प्रकाश, हैड-कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12-6-1996 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 32-प्रेज/97—राष्ट्रपति, गुजरात सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री वी. जे. झाला, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
थाना नारनपुरा,
जिला-अहमदाबाद ।

श्री ए. जी. भुनेतर,
कांस्टेबल,
थाना नारनपुरा,
जिला-अहमदाबाद ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 10-5-1996 को सर्वश्री वी. जे. झाला और ए. जी. भुनेतर, कांस्टेबल, एक मामले की जांच-पड़ताल करने के सिलसिले में थाना नारनपुरा से रवाना हुए । जिस समय वे उसमानपुरा गार्डन के निकट पहुंचे तो उन्होंने एक व्यक्ति को एक महिला की जंजीर छीनते हुए देखा जो एक मोटर साईकिल, जिसे एक अन्य व्यक्ति चला रहा था, पर बच कर भागने की कोशिश कर रहा था । उसके बाद श्री झाला और श्री भुनेतर ने अपने स्कूटर से उनका पीछा किया । जब वे लुटेरों के निकट पहुंचे तो मोटर साईकिल पर सवार लुटेरों ने अपनी मोटर-साईकिल से उनके स्कूटर पर टक्कर मारी जिसमें दोनों पुलिस कर्मी नीचे गिर गए । श्री झाला तुरन्त उन पर झपटे और उन्होंने उनमें से एक लुटेरे को धर पकड़ने की कोशिश की परन्तु उस लुटेरे ने चाकू निकाल कर श्री झाला पर वार किया जिससे वह नीचे गिर गए, इस बीच, श्री भुनेतर ने दूसरे लुटेरे को पकड़ लिया परन्तु उसने भी श्री भुनेतर के दाहिने हाथ पर चाकू से वार किया । श्री भुनेतर उसके हाथ से चाकू छीनने में सफल हो गए । घाव और रक्तस्राव के बावजूद श्री भुनेतर ने लुटेरे को बच कर भागने नहीं दिया । बहादुरी के साथ उसे तब तक पकड़े रखा जब तक कि वहां जनता एकट्ठी नहीं हो गई । उसको बाद में थाने ले जाया गया । तथापि, दूसरा लुटेरा बचकर भाग निकला । उसके बाद श्री भुनेतर, श्री झाला को निकट के अस्पताल ले गए परन्तु वहां बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई । गिरफ्तार किए गए लुटेरे की शिनाख्त अहमदाबाद के मोजखान अकबरखान पठान के रूप में की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री वी. जे. झाला और श्री ए. जी. भुनेतर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10-5-1996 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 33-प्रेज/97—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री जे. पी. सिंह,
पुलिस अधीक्षक,
अनन्तनाग ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

17-12-1995 को, जब श्री सिंह एस.ओ.जी. कार्मिकों की एक छोटी सी टुकड़ी के साथ रोजमर्रा की गश्त ड्यूटी पर थे, उग्रवादियों के एक ग्रुप ने गांव हुनजी दान्तेर अनन्तनाग के नजदीक इस टुकड़ी पर घात लगायी । उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से सभी दिशाओं से अंधाधुंध गोलियां चलायी । एस.ओ.जी. टुकड़ी ने उग्रवादियों का पीछा करते हुए एक मकान के चारों तरफ घेरा डाल दिया । यह अधिकारी, सिविलियनों और इस मकान में रहने वाले अन्य लोगों को युक्तिपूर्ण ढंग से बाहर निकालने में कामयाब हो गए और वहां छिपे उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा । लेकिन उग्रवादियों ने अपने छिपने के स्थान से गोलियों की बौछार कर दी । सिविलियनों और अपने जवानों के लिए खतरे को भांप कर श्री सिंह रेंगते हुए मकान के पीछे गए और दो जवानों के साथ इस मकान पर धावा बोल दिया जबरदस्त लड़ाई हुई जिसमें मकान की रसोई में एक उग्रवादी मारा गया, जबकि उसके साथी इस मकान के प्रथम तल से लगातार गोलीबारी कर रहे थे। श्री सिंह ने अपने साथियों को उग्रवादियों को उलझाए रखने के लिए कहा । इसी बीच वे सीढ़ियों से लगातार ऊपर बढ़ते रहे और एक उग्रवादी को, गोली चलाने का मौका दिए बिना, उसे अपना लक्ष्य बनाया । दूसरे उग्रवादी ने उन पर हथगोला फेंका जो उस दीवार से टकराया जहां पर इस अधिकारी ने मोर्चा सम्भाल रखा था और यह हथगोला श्री सिंह से कुछेक इंच की दूरी पर फटा । इस विस्फोट के कारण उग्रवादी, श्री सिंह को देख नहीं पाया और यह मानकर कि वे मर गए हैं, वह आगे बढ़ा और गुलाम हसन दार नामक व्यक्ति के मकान में जबरन शरण लेकर पुलिस पार्टी पर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलियां चलाता रहा । श्री सिंह ने उग्रवादी को निशाना बनाया और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । गोलीबारी के दौरान मकान में आग लग गयी । दूसरा उग्रवादी मकान से बाहर नहीं आ सका और वहीं मर गया । मुठभेड़ में कुल मिलाकर 3 उग्रवादी मारे गए, एक सारजेंट खालिद, प्रतिबन्धित जमायते-उल-मुज्जाहिद्दीन संगठन का स्वयंभू जिला कमांडर तथा उसके दो अन्य साथी नामतः बशीर और शौकत अहमद । मुठभेड़ के स्थान से 3 ए.के.-56 राइफलों, 9 मैगजीनों, 1 वायरलैस सैट सहित बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस मुठभेड़ में, श्री जे. पी. सिंह, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17-12-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 34-प्रेज/97—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री दोस्त मोहम्मद (मरणोपरान्त)
एस. जी. कांस्टेबल,
श्रीनगर ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

25 अक्तूबर, 1995 को जम्मू और कश्मीर पुलिस, श्रीनगर के विशेष सुरक्षा ग्रुप को एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि हरकत-उल-अंसार उग्रवादी संगठन के दो उग्रवादी नामतः उमैर भाई और चान्द भाई, गांव मगनीपुरा जिला बारामुल्ला में एक स्थान में छिपे हुए हैं । स्पेशल आपरेशन ग्रुप के एक दल, जिसकी सहायता के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल थी, को तत्काल लक्षित छिपने के स्थान को घेरने के लिए भेजा गया । छापामार दल ने इस मकान को सफलतापूर्वक घेर लिया, लेकिन इस बीच उग्रवादी भी सावधान हो गए । कांस्टेबल दोस्त मोहम्मद छापामार दल की अग्रिम पंक्ति में थे, जिन्होंने छिपने के स्थान को तोड़ा। जब पुलिस पार्टी छिपने के स्थान को तोड़कर अंदर घुस रही थी तो वहां छिपा एक उग्रवादी अपने छिपने के स्थान से अचानक बाहर आया और श्री जाला पर गोली चलायी, जो इस समय छापामार दल का नेतृत्व कर रहे थे । श्री मोहम्मद ने जो श्री जाला के साथ थे, अपने अधिकारी को एक तरफ धकेल कर, मानव ढाल के रूप में उन्हें आड़ देते हुए उग्रवादी पर नजदीक से जवाबी गोली चलायी और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । इस कार्रवाई में उन्हें भी गोलियां लगी और उन्होंने घावों के कारण दम तोड़ दिया । श्री जाला ने छिपने के स्थान से अपने साथी के शव को निकालकर अपने साधनों को पुनः जुटाया और छिपने के स्थान पर हमला बोल दिया । दूसरा उग्रवादी, जो सुरक्षा बल के जाल से बच रहा था, ने इस दल को जबरदस्त मुठभेड़ में उलझाए रखा। इसी बीच, फंसे हुए उग्रवादियों के साथियों, जो आसपास के गांवों में उपस्थित थे, ने भी गोलियां चलाना शुरू कर दिया ताकि छापामार दल का ध्यान बांटा जा सके और अपने फंसे हुए साथियों को बचकर भाग निकलने में सहायता की जा सके । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना, श्री जाला यह सुनिश्चित करने के लिए कि छिपने के स्थान के चारों तरफ घेरा अभेद्य रहे, एक पोस्ट से दूसरी पोस्ट और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के पास गए । चूंकि छिपने का स्थान सिमेन्ट का बना हुआ मकान था, अतः उसे तोड़ना कठिन था । अतः राकेटों की मदद से छिपने के स्थान को नष्ट करने के लिए सेना के विशेषज्ञों को बुलाया गया । मकान पर बड़ी संख्या में राकेट दागे गए । वहां छिपे उग्रवादी जिन्दा थे और हथगोले फेंकने के साथ-साथ वे गोलीबारी भी कर रहे थे । इस स्थिति को देख कर श्री जाला ने छिपने के स्थान पर धावा बोलने और उग्रवादियों को स्वयं बाहर निकालने का निर्णय लिया । उन्होंने अपने दल के साथ मकान पर धावा

धावा और एक जबरदस्त मुठभेड़ के बाद अन्दर छिपे उग्रवादियों को मार गिराया । इसके परिणामस्वरूप दोनों उग्रवादी मारे गए। जबकि छिपने के स्थान को नष्ट कर दिया गया, वहां से 2 ए.के. राइफलों के साथ मैगजीनें, दाउद और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री दोस्त मोहम्मद, एस.पी. कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25-10-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 35-प्रेज/97—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री आर. के. जाला,
पुलिस उप-अधीक्षक,
श्रीनगर ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

25 अक्तूबर, 1995 को जम्मू और कश्मीर पुलिस, श्रीनगर के विशेष सुरक्षा ग्रुप को एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि हरकत-उल-अन्सार उग्रवादी संगठन के दो उग्रवादी नामत: उमेर भाई और चान्द भाई, गांव मगनीपुरा जिला बारामूल्ला में एक स्थान में छिपे हुए हैं । स्पेशल आपरेशन ग्रुप के एक दल, जिसकी सहायता के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल थी, को तत्काल लक्षित छिपने के स्थान को घेरने के लिए भेजा गया । छापामार दल ने इस मकान को सफलतापूर्वक घेर लिया, लेकिन इस बीच उग्रवादी भी सावधान हो गए । कांस्टेबल दोस्त मोहम्मद छापामार दल की अग्रिम पंक्ति में थे, जिन्होंने छिपने के स्थान को तोड़ा । जब पुलिस पार्टी छिपने के स्थान को तोड़कर अन्दर घुस रही थी तो वहां छिपा एक उग्रवादी अपने छिपने के स्थान से अचानक बाहर आया और श्री जाला पर गोली चलायी, जो उस समय छापामार दल का नेतृत्व कर रहे थे । श्री मोहम्मद ने, जो श्री जाला के साथ थे, अपने अधिकारी को एक तरफ धकेल कर, मानव ढाल के रूप में उन्हें आड़ देते हुए उग्रवादी पर नजदीक से जवाबी गोली चलायी और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । इस कार्रवाई में उन्हें भी गोलियां लगीं और उन्होंने घावों के कारण दम तोड़ दिया । श्री जाला ने छिपने के स्थान से अपने साथी को शव को निकालकर अपने साथियों का पुन: जुटाया और छिपने के स्थान पर हमला बोल दिया । दूसरा उग्रवादी, जो सुरक्षा दल के जाल से बच रहा था, ने इस दल को जबरदस्त मुठभेड़ में उलझाए रखा । इसी बीच, फंसे हुए उग्रवादियों के साथियों, जो आसपास के गांव में उपस्थित थे, ने भी गोलियां चलाना शुरू कर दिया ताकि छापामार दल का ध्यान बांटा जा सके और अपने फंसे हुए साथियों को बचकर भाग निकलने में सहायता की जा सके । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना, श्री जाला यह सुनिश्चित करने के लिए कि छिपने के स्थान के चारों तरफ घेरा अभेद्य रहे, एक पोस्ट से दूसरी पोस्ट और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के पास गए। चूंकि छिपने के स्थान सिमेन्ट का बना हुआ मकान था, अत: उसे तोड़ना कठिन था। अत: राकेटों की मदद से छिपने के स्थान को नष्ट करने के लिए सेना के विशेषज्ञों को बुलाया गया । मकान पर बड़ी संख्या में राकेट दागे गए । वहां छिपे उग्रवादी जिन्दा थे और हथगोले फेंकने के साथ-साथ वे गोलीबारी भी कर रहे थे । इस स्थिति को देख कर श्री जाला ने छिपने के स्थान पर धावा बोलने और उग्रवादियों को स्वयं बाहर निकालने का निर्णय लिया । उन्होंने अपने दल के साथ मकान पर धावा बोला और एक जबरदस्त मुठभेड़ के बाद अन्दर छिपे उग्रवादियों को मार गिराया । इसके परिणामस्वरूप दोनों उग्रवादी मारे गए । जबकि छिपने के स्थान को नष्ट कर दिया गया, वहां से 2 ए.के. राइफलों के साथ मैगजीनें, दाउद और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री आर. के. जाला, पुलिस उप-अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25-10-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 36-प्रेज/97—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री शमशेर सिंह परिहार,
उप निरीक्षक,
जम्मू ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया ।

17-10-1994 को श्री एस. एस. परिहार को विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ आतंकवादियों ने, जो टेलीफोन करके श्री एस. एस. जौहर से फिरौती की मांग कर रहे थे, उनके घर पर

बाहर खोलने की कोशिश बनायी है। पुलिस ने तत्काल उन्हें पकड़ने और आतंकवादियों के इरादों को नाकामयाब करने का निर्णय लिया। श्री परिहार के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने श्री चौहर के घर के पास 2 दिनों तक घात लगायी। 19-10-94 को लगभग 6.30 बजे माऊजरों से लैस तीन आतंकवादी घर के आंगन में दाखिल हुए। पुलिस दल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन उन्होंने हथियार नहीं डाले और उस बहाने उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दी और हथगोले भी फेंके। जवाब में पुलिस दल ने भी ए. के. 56 राइफल से कई गोलियां चलायी। इसी बीच, आतंकवादियों ने हथगोले फेंके जिसके परिणामस्वरूप श्री चौहर, उनकी पत्नी, और सभी तीनों पुलिस कार्मिक जख्मी हो गए। गम्भीर रूप से जख्मी होने के बावजूद श्री परिहार ने जवाबी गोलियां चलायी और खूंखार आतंकवादी और खालिस्तान जिन्दाबाद फोर्स के प्रमुख जस्बीर सिंह उर्फ डाक्टर को गम्भीर रूप से जख्मी करने में कामयाब हो गए, जिसकी बाद में घावों के कारण मृत्यु हो गयी। पुलिस दल द्वारा की गयी गोलीबारी के परिणामस्वरूप अन्य दो आतंकवादी भी जख्मी हो गए, तथापि वे बचकर भागने में कामयाब हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री समशेर परिहार, उप निरीक्षक, जम्मू ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17-10-1994 से दिया जाएगा।

शिरीष प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 37-प्रेज/97—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री एम. एच. शाह,
कांस्टेबल,
जम्मू और कश्मीर।

श्री फतेह मोहम्मद,
कांस्टेबल,
जम्मू और कश्मीर।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

15-9-1994 को लगभग 0310 बजे आतंकवादियों के एक ग्रुप ने पुलिस चौकी गोटा पर हमला बोला और उसे घेर लिया तथा पुलिस कार्मिकों को शस्त्र और गोलाबारूद समर्पित करने के लिए कहा और चेतावनी दी। श्री एम. एच. शाह, कांस्टेबल, जो पुलिस चौकी पर संतरी की ड्यूटी कर रहा था, को उग्रवादियों ने दरवाजा खोलने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने उसे गम्भीर परिणामों की चेतावनी दी लेकिन श्री शाह ने इन धमकियों की परवाह नहीं की। उग्रवादियों की संख्या बहुत अधिक थी और वे पुलिस चौकी को आसानी से समाप्त कर सकते थे। पुलिस कार्मिक मकान की छत से घिरे कच्चे कमरों में फंस गए थे, जहां पर रोशनी भी नहीं थी। उपर्युक्त भारी मुसीबतों के बावजूद, श्री शाह ने आतंकवादियों को ललकारा, लेकिन उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और पुलिस चौकी के अन्दर हथगोले फेंके। पुलिस पार्टी और उग्रवादियों के बीच लगातार 1 घण्टा और 40 मिनट तक गोलीबारी होती रही और आतंकवादियों ने पुलिस चौकी के भीतर दो हथगोले फेंके। श्री फतेह मोहम्मद, कांस्टेबल, जो स्पेशल ड्यूटी पर उपस्थित थे, ने दो संतरियों के साथ मिलकर जवाबी गोलियां चलायी और उग्रवादियों का वीरोचित मुकाबला किया। इस मुठभेड़ के दौरान, श्री शाह और फतेह मोहम्मद गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस से कड़े मुकाबले का सामना करने पर, आतंकवादी भाग खड़े हुए और शस्त्र और गोलाबारूद लूटने में सफल नहीं हो सके।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री एम. एच. शाह और फतेह मोहम्मद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 5(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15-9-1994 से दिया जाएगा।

शिरीष प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 38-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केरल सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री एस. विजयन, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
तिरुवनंतपुरम।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 10-7-1996 को थम्पानूर ओवर-ब्रिज के क्षेत्र के निकट एक पुलिस दल, जिसमें एक हैड-कांस्टेबल, दो कांस्टेबल (श्री विजयन समेत) और एक हवलदार गश्त-ड्यूटी पर तैनात थे। करीब 10.15 बजे अपराह्न दल के कमांडर को सूचना मिली कि कृपा थियेटर के उत्तर की तरफ पांच व्यक्तियों का एक गिरोह चाकू की नोक पर डकैती डालने की कोशिश कर रहा है। पुलिस दल तुरन्त घटना स्थल की

और चल पड़ा । वे जैसे ही रेलवे पुल के निकट पहुंचे तो, कांस्टेबल विजयन, जो सबसे आगे थे, ने देखा कि कुछ लोग एक व्यक्ति को लूटने की कोशिश कर रहे हैं । अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्हें ललकारा और उनमें से एक अपराधी को पकड़ने की कोशिश की । इसी के साथ उन्होंने पीड़ित व्यक्ति को बचाने की भी कोशिश की । अचानक, उनमें से एक अपराधी ने चाकू निकाला और श्री विजयन के सीने पर बाईं ओर वार कर दिया । अन्य पुलिस कर्मियों के उस स्थान पर पहुंचते ही अपराधी वहां से भाग गए। श्री विजयन को तुरन्त मेडिकल कालेज अस्पताल, तिरुवनंतापुरम ले जाया गया परन्तु बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई । श्री विजयन ने सेवा की उच्चतम परम्पराओं को बनाए रखते हुए एक सर्वोत्तम बलिदान दिया ।

इस मुठभेड़ में, श्री एस. विजयन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 10-7-1996 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 39-प्रेज/97—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्रीमती मृदुला एम. लाड,
उप-निरीक्षक ।

श्री अभिमन्यु एम. पेठे,
कांस्टेबल ।
श्री अनन्त बी. चव्हाण,
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 11-1-96 को जब कांस्टेबल पेठे श्री विकास, अमराव की संरक्षण ड्यूटी पर तैनात थे तो उन्होंने एक मारुति कार, जिसमें चार व्यक्ति सवार थे, संदिग्ध अवस्था में देखी । उन्होंने तुरन्त इसकी सूचना समीप की पुलिस टुकड़ी, जिसका नेतृत्व महिला उप-निरीक्षक लाड कर रही थीं, को दी । आगे जांच-पड़ताल करने के लिए कांस्टेबल पेठे और दो अन्य एक प्राईवेट कार में सवार होकर संदिग्ध कार की ओर चल पड़े, उप-निरीक्षक लाड और कांस्टेबल ए. बी. चव्हाण भी एक अन्य जीप में उनके साथ हो गए । कार में सवार संदिग्ध व्यक्तियों ने यह आभास मिलते ही कि पुलिस द्वारा उनका पीछा किया जा रहा है, बड़ी तेजी के साथ अपनी कार की दिशा बदल दी । उनसे बच कर भाग निकलने को रोकने के लिए कांस्टेबल/ड्राईवर चव्हाण ने अपनी जीप को उक्त मारुति कार से भिड़ा दिया । चारों संदिग्ध व्यक्ति अपनी कार छोड़कर भागने लगे । इस मौके पर, उप-निरीक्षक लाड और कांस्टेबल ए. चव्हाण ने संदिग्ध व्यक्तियों को आत्म-समर्पण करने के लिए ललकारा । इसके बजाए, उनमें से एक अभियुक्त, किशोर दागडू-अवारे ने कांस्टेबल ए. चव्हाण पर चाकू से वार किया, अपने घाव के बावजूद वह उसके साथ भिड़ते रहे । उप-निरीक्षक लाड और कांस्टेबल चव्हाण ने हाथापाई के बाद अभियुक्त को निशस्त्र कर और उस पर काबू पा लिया । कांस्टेबल पेठे और उनके अन्य दो साथियों ने अन्य तीन अभियुक्तों का पीछा किया । पीछा करने वाले दल को दूर रखने के लिए, उनमें से एक अभियुक्त ने रिवाल्वर निकाल कर कांस्टेबल पेठे पर गोली चलाई, जिन्होंने जवाब में गोली चला कर उनमें से एक अभियुक्त को घायल कर दिया जिसे बाद में उप-निरीक्षक लाड और अन्य ने पकड़ लिया । शेष दोनों अभियुक्तों ने कोई अन्य रास्ता न देख अपने रिवाल्वर निकाले और इससे पहले कि वे गोली चला पाते कांस्टेबल पेठे ने शीघ्रता से गोलियां चलाकर उनमें से एक को घायल कर दिया जो वहीं पर गिर पड़ा । चौथे अभियुक्त को कांस्टेबल पेठे के दो सिविलियन सहयोगियों द्वारा पकड़ कर उप-निरीक्षक लाड और उनके दल के हवाले कर दिया । बाद में तीनों संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान आकाश उर्फ बी. के. राव, फ्रांसिस और राजेश सांताराम गोरे के रूप में की गई । अपराधियों से एक चाकू, गंडासा, रिवाल्वर, कट्टा और जीवित कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्रीमती मृदुला एम. लाड, उप-निरीक्षक, सर्वश्री अभिमन्यु एम. पेठे और अनन्त बी. चव्हाण, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11-1-96 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 40-प्रेज/97—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री एन. एस. चन्द्रावत, (मरणोपरांत)
निरीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 18-2-96 को निरीक्षक चन्द्रावत को एक सामूहिक झड़प होने के बारे में सूचना मिली । तुरंत कार्रवाई करते हुए, उन्होंने दो उप-निरीक्षक और अन्य को साथ लेकर एक पुलिस दल संगठित किया । घटना स्थल पर पहुंचने पर पुलिस दल ने देखा कि कुख्यात बदमाश गोप और उसके साथी राजकुमार नामक एक पान विक्रेता के साथ लड़ रहे थे । पुलिस दल को देख कर गोप ने अपने साथियों से पुलिस कर्मियों को पिस्तौल से मार डालने को कहा । निरीक्षक चन्द्रावत और उसके दल ने बदमाशों को ललकारा और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आगे बढ़े । गोप कार में भाग गया जबकि उसके अन्य साथी दूसरी ओर भागने लगे । पुलिस दल ने उनका पीछा किया तो उनमें से रमेश नामक उनके साथी ने देशी पिस्तौल निकाल कर उन्हें धमकी दी कि यदि पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्हें मार डाला जाएगा । धमकियों की परवाह न करते हुए चन्द्रावत, जो आगे थे, ने रमेश को पकड़ लिया । इस पर रमेश ने अपनी पिस्तौल से गोली चलाई जिससे चन्द्रावत गंभीर रूप से घायल हो गए । घावों के बावजूद, उन्होंने अभियुक्त को तब तक नहीं छोड़ा जब तक कि उनके अन्य सहकर्मी उसे पकड़ने के लिए पहुंच नहीं गए । निरीक्षक चन्द्रावत ने घावों के कारण दम तोड़ दिया जबकि अन्य अपराधी बच कर भाग निकले । अपराधी से एक देशी पिस्तौल बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री एन. एस. चन्द्रावत, निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18-2-96 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 41-प्रेज/97—राष्ट्रपति, मणिपुर सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री थौ. इबोहल सिंह, (मरणोपरांत)
राईफलमैन,
6ठी बटालियन,
मणिपुर राईफल्स,
जिला इम्फाल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

27 जनवरी, 1996 को रात को करीब 3.00 बजे उग्रवादियों का एक सशस्त्र गिरोह एक पावर हाउस में घुस गया और विभिन्न दिशाओं से स्वचालित हथियारों से गांव-थाईगांगांग-पोकपी, थाना-लामलाई, जिला-इम्फाल में स्थित मणिपुर राईफल की छठी बटालियन पर हमला बोल दिया । चौकी पर मौजूद सुरक्षा कार्मिकों ने आत्मसुरक्षा में तुरन्त जवाबी गोलीबारी की । चौकी के पिछले भाग में तैनात संतरी ने उग्रवादियों को आगे बढ़ते हुए देख कर उन्हें ललकारा । परन्तु उग्रवादियों ने संतरी पर गोली चलानी शुरू कर दी, जिसका उस संतरी ने शीघ्रता से गोलियां चला कर जवाब दिया । जब संतरी ने अपने साथियों को सतर्क किया, तो राईफलमैन थौ. इबोहल सिंह अपने अन्य साथियों सहित तुरन्त बैरक से बाहर निकल कर आ गए और उन्होंने पी.जीशान से भी तथा उग्रवादियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । उनकी गोली-बारी से उग्रवादी आगे बढ़ने से रुक गए और उन्होंने उनमें से एक उग्रवादी को घायल कर दिया । पुलिस कार्मिकों की अचूक गोली-बारी से उग्रवादी उसमें आगे नहीं बढ़ सके । राईफलमैन इबोहल सिंह और अन्य कार्मिकों ने गोली-बारी जारी रखी और अपनी चौकी को बचा लिया । अपने घायल साथियों के साथ वापस भागते समय उग्रवादियों ने राईफलमैन इबोहल सिंह पर विभिन्न दिशाओं से जोरदार गोलीबारी की । दुर्भाग्यवश, एक गोली श्री इबोहल सिंह के माथे पर लगी और उन्होंने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया । इस प्रकार, श्री सिंह ने आखरी सांस तक उग्रवादियों के साथ कड़ा मुकाबला किया और विद्रोहियों से अपने साथियों को बचा लिया ।

इस मुठभेड़ में श्री थौ. इबोहल सिंह, राईफलमैन, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27-1-1996 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 42-प्रेज/97—राष्ट्रपति, मेघालय सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पोबोन बारबोलोई (मरणोपरान्त)
लांसनायक,
दूसरी एम. एल. पी. बटालियन,
ग्योरागरे, मेघालय ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

25-6-1995 को सूचना प्राप्त हुई कि स्टेट सैन्ट्रल लाईब्रेरी परिसर, शिलांग, में एच. ए. एल. सी (एक भूमिगत गिरोह) को हथियार बेचने संबंधी एक सौदा तय करने की व्यवस्था की गई है। भूमिगत गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए लाईब्रेरी के अन्दर एक विशेष - आपरेशन टीम की सहायता प्राप्त डी. ई. एफ. का एक विशेष अभियान ग्रुप तैनात किया गया था। करीब 9.00 बजे अपराह्न पुस्तकालय के परिसर में एक स्थानीय टैक्सी ने प्रवेश किया तथा दो महिलाओं और एक पुरुष को पुस्तकालय के सामने उतारने के बाद दो सवारियों समेत पुस्तकालय के पीछे की तरफ चली गई। इस बीच, विशेष अभियान ग्रुप का एक उप-निरीक्षक, जो शस्त्रों के व्यापारी का रूप धारण किए था, भी बुक स्वयं चलाई गई टैक्सी में वहां पहुंचा और पूर्व योजनानुसार, पुलिस दल के कर्मियों को संकेत दिया। संकेत प्राप्त होते ही पुलिस कर्मी हरकत में आ गए और उन्होंने दोनों महिलाओं और उस पुरुष को गिरफ्तार कर लिया जो पुस्तकालय के सामने प्रतीक्षा कर रहे थे। संकेत प्राप्त करते ही विशेष अभियान टीम के लांस नायक पोबोन बारबोलोई, दौड़ते हुए उस टैक्सी तक गए जो वहां प्रतीक्षा कर रही थी तथा टैक्सी के चालक के साथ बैठे व्यक्ति को हाथ खड़े करके टैक्सी से बाहर आने के लिए कहा। इस बीच, अन्य पुलिस कर्मी भी वहां पहुंच गए और टैक्सी के चालक के निकट पोजीशन ले ली। जिस व्यक्ति को टैक्सी से बाहर आने के लिए कहा गया था उस व्यक्ति ने बाहर आने का नाटक करते हुए अपनी पिस्तौल से एक गोली चलाई जो लांस नायक बारबोलोई के सीने में लगी और घावों के कारण उनकी वहीं मृत्यु हो गई। गोली बारी के बाद, हमलावर वहां से भाग गया। अन्य पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा किया और उसे मार गिराया। तलाशी के दौरान एच.ए.एल.सी. के कार्यकर्ता से विदेश निर्मित 9 मि.मी. की एक पिस्तौल तथा करीब एक लाख रुपया (एक पोलीथीन बैग में) बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए एच. ए. एल. सी. कार्यकर्ताओं की पहचान फेयरवैल दानवानखर और श्रीमती बनारी मुखीम के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में श्री पोबोन बारबोलोई, लांस नायक ने अदम्य वीरता, साहस, और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25-6-95 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 43-प्रेज/97—राष्ट्रपति, नागालैंड सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री टी. सी. लोथा,
सहायक पुलिस उप-निरीक्षक,
प्रभारी दोयांग,
जिला-वोखा।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

27-6-1995 को करीब 5.00 बजे अपराह्न सहायक पुलिस उप-निरीक्षक टी. सी. लोथा, प्रभारी थाना-दोयांग, जिला वोखा, दो कांस्टेबलों को साथ लेकर लापता हुई एक नौकरानी की तलाश करने के लिए वाहनों की जांच कर रहे थे। सहायक उप-निरीक्षक ने लापता नौकरानी के मालिक के वाहन को देखा तो उसे रुकने के लिए कहा। अचानक एक व्यक्ति बाहर निकल कर आया और श्री लोथा को गालियां देनी शुरू कर दीं और उनसे पूछा कि किस अधिकार के तहत वह वाहन को रोक सकते हैं। इसके साथ ही उसने एक पिस्तौल भी निकाल ली और उससे उन पर वार करने की कोशिश भी की परन्तु श्री लोथा ने उसका हाथ पकड़ लिया। हाथापाई के दौरान, दो गोलियां चलीं, जिनमें से एक श्री लोथा की दाहिनी और घाव करती निकल गई। गोली के घाव के बावजूद, श्री लोथा उसके साथ लड़ते रहे। इस बीच, दोनों कांस्टेबल भी उनकी मदद के लिए आ गए और उन्होंने पिस्तौल छीन ली। ऐसा होते देख, उपद्रवकारी ने बचकर भाग निकलने की कोशिश की परन्तु लोगों ने उसे धर दबोचा। तलाशी लेने पर, 6 जीवित और दो खाली कारतूसों सहित एक एम-20 पिस्तौल बरामद की गई। बाद में उस उपद्रवकारी की पहचान एक खूंखार भूमिगत उपद्रवी नामतः एस. एम. मेजर रामकाथिंग ताम्बुल, जोकि एन. एस. सी. एन. का एक सदस्य था, के रूप में की गई। वह एक बैंक डकैती और घातों में संलिप्त था तथा अनेक पुलिस और सैनिक कर्मियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था।

इस मुठभेड़ में श्री टी. सी. लोथा, सहायक पुलिस उप-निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

जाता सकता, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27-6-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 21 जुलाई 1997

सं. 44-प्रेज/97—राष्ट्रपति, नागालैण्ड सरकार/महा-निदेशक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री ए. शोलापुरकर,
सैकेण्ड-इन-कमांड,
43वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
दीमापुर।

श्री ललित राय,
नायक,
8वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
दीमापुर।

श्री विक्रम बहादुर,
वाटर कैरियर,
43वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
दीमापुर।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

22-7-1995 को लगभग 1830 बजे, 43वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कांस्टेबल मेघराज, अपनी भरी हुई एस एल आर, भरी हुई दो मैगजीनों और दो बारूदी हथगोलों के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप-कमांडेंट श्री पी एस राजोरा के घर में किसी गुप्त इरादे से घुसा। घर में घुसते ही उसने वाटर कैरियर विक्रम बहादुर पर गोली चलाकर उसे मार डाला। तत्पश्चात् उसने बंदूक की नोक पर श्रीमती राजोरा और उनकी नाबालिग पुत्री को बारूद से भरा एक हथगोला दिखाते हुए बन्धक बना लिया और घर से बाहर निकल आया। अन्य लोगों को आतंकित करने के लिए उसने कुछ गोलियां चलाई और धमकी दी कि यदि किसी ने उसे रोकने की कोशिश की तो हथगोले का विस्फोट करके वह बंधकों को मार डालेगा। घटना के बारे में सुनकर सैकेण्ड-इन-कमांड श्री ए. शोलापुरकर घटनास्थल पर पहुंचे और उससे अपील की कि वह, दोनों बन्धकों को छोड़ दे, उन्होंने उसे बातचीत में लगा लिया और बंधकों को बिना शर्त छोड़ने के लिए समझाने की रणनीति का प्रयोग किया। उसका गुस्सा शांत करने में वे सफल हो गए और इसके बाद कांस्टेबल मेघराज ने निम्नलिखित मांगें रखीं :—

1. 50,000/- रु. नकद।
2. दो निहत्थे कांस्टेबलों सहित दो मारुति जिप्सी।
3. कांस्टेबल/ड्राइवर आर. जी. पाटिल द्वारा चलाई जाने वाली एक जिप्सी।
4. श्री ए. शोलापुरकर एक अन्य जिप्सी में उसके साथ चलें ताकि वह सुरक्षित रूप से बचकर निकल सके।

फिर उसने चेतावनी दी कि कोई भी सुरक्षा वाहन उसका पीछा न करे अन्यथा वह बंधकों को मार डालेगा। सबसे आगे वाली जिप्सी को श्री ए. शोलापुरकर चला रहे थे और उसमें दो कांस्टेबल बैठे थे। पिछली जिप्सी को कांस्टेबल/ड्राइवर आर. जी. पाटिल चला रहे थे और इसमें बंधकों के साथ कांस्टेबल मेघराज बैठा हुआ था। जैसे ही वे दीमापुर स्टेडियम के निकट पहुंचे, कांस्टेबल मेघराज ने खाना और पानी मांगा, उसने पहले श्री शोलापुरकर से इसे चखने के लिए कहा और उन्होंने खुशी से चखा।

उसी समय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप महा-निरीक्षक (आपरेशन) श्री ए. गुहा राय वहां पहुंच गए और अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना वे कांस्टेबल मेघराज की ओर बढ़े और उससे बंधकों को रिहा कर देने की अपील की। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर दो घंटे से अधिक समय तक वार्ता होती रही। थोड़ी दूर जाने के बाद श्री राय ने पुनः प्रयास किया और काफी मनुहार के बाद वे सफल हो गए और बंधकों को रिहा कर देने के लिए उसे मना लिया। उसने कहा कि वह श्री शोलापुरकर को बंधक रखेगा क्योंकि दोनों एक ही राज्य कर्नाटक के रहने वाले हैं। श्री राय जानते थे कि रास्ते में श्री शोलापुरकर के वाहन छोड़कर निकल भागने के अवसर हैं। अपने जीवन को भारी खतरे में डालकर श्री शोलापुरकर बंधक बन गए ताकि दोनों निर्दोष बंधक जो लगभग पांच घंटों से भारी मानसिक यंत्रणा सह रहे थे, रिहा किए जा सकें।

कांस्टेबल मेघराज ने श्री शोलापुरकर से गाड़ी चलवाई और अन्य लोगों को बंधक की सुरक्षा के लिए उसका पीछा न करने की धमकी देते हुए वे गुवाहाटी की ओर चले। जब यह वाहन, बोकाजान वन जांच चौकी पर पहुंचा तो जांच चौकी के रजिस्टर में प्रविष्टि करने की बात कहकर श्री शोलापुरकर ने गाड़ी रोक दी। कांस्टेबल मेघराज उनकी चाल में फंस गया और यह काम पूरा करने की अनुमति उन्हें प्रदान कर दी तथा अपनी ए. के. 47 राइफल उनकी ओर करके स्वयं वाहन के सामने खड़ा हो गया। सोची समझी चाल के अनुसार श्री शोलापुरकर जांच चौकी से परे आगे बढ़ गए। कांस्टेबल मेघराज ने उन्हें वापस आने के लिए कहा और उधर से कोई जवाब न पाकर उसने उसी दिशा

में गोली चला दी। श्री शोलापुरकर ने तुरन्त सड़क की दाहिनी ओर एक गड्ढे में छलांग लगा दी और बच निकले। पकड़ लिए जाने का खतरा भांपकर कांस्टेबल मेघराज भी सड़क के दूसरी ओर छलांग लगाकर गायब हो गया। तुरंत ही श्री राय घटनास्थल पर पहुंच गए और श्री शोलापुरकर का पता लगाने के लिए आगे आपरेशन चलाने की योजना बनाई परन्तु वे सुरक्षित लौट आए।

23-7-1995 को लगभग 0540 बजे कांस्टेबल मेघराज न्यू फील्ड जांच चौकी, बीमापुर पहुंचा जहां पर 8वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक तैनात थे और उसने नायक ललित राय को पीछे की ओर से पकड़ लिया। उसने बारूद से भरा एक हथगोला दिखाते हुए नायक राय को धमकाया और उससे वह इलाका खाली कर देने को कहा तथा मांग की वह अपने कमांडिंग आफीसर को बुलाए नहीं तो वह उसे मार डालेगा। सोची समझी चाल के तहत अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना नायक राय ने कांस्टेबल मेघराज के हाथ पर जोरदार प्रहार किया जिसके कारण हथगोला दूर जाकर गिरा और फट गया। नायक राय ने कांस्टेबल मेघराज पर काबू पा लिया और उसे संतरी की चौकी के फर्श पर दे मारा तथा दूसरों से चिल्लाकर उसे मार देने को कहा। यह सुनकर अन्य संतरियों ने उस पर गोलियां चलाईं और उसे मार डाला। दिवंगत मेघराज के पास से समस्त हथियार/गोलाबारूद और धन बरामद कर लिया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री ए. शोलापुरकर, सेकेण्ड-इन-कमांड, श्री ललित राय, नायक और श्री विनक्रम बहादुर, वाटर कैरियर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22-7-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 45-प्रेज/97—राष्ट्रपति, पंजाब सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

श्री गुरमीत सिंह,
उप-निरीक्षक
श्री पवन कुमार,
कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

22 दिसम्बर, 1995, को जगतार सिंह हवारा, नामक एक खूंखार आतंकवादी के आने के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर पुलिस उपाधीक्षक (औद्योगिक क्षेत्र) और गुरमीत सिंह (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में एक पुलिस दल जालंधर के बस अड्डे क्षेत्र को घेरने के लिए तैनात किया गया। करीब 5.30 बजे अपराह्न, एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा गया। मुखबिर के संकेत पर उप-निरीक्षक गुरमीत सिंह, कांस्टेबल पवन कुमार और अन्य उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़े। घेराबन्दी से बचकर भाग निकलने के लिए संदिग्ध व्यक्ति ने पिस्तौल निकाल ली और पुलिस दल पर गोली चलाई जोकि कांस्टेबल की बाईं टांग में लगी। गोली-बारी के कारण जगतार सिंह हवारा की जांघ में भी चोट लगी। क्योंकि वह यह समझ चुका था कि उसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा, इसलिए उसने कुछ जहरीला पदार्थ खाने की चेष्टा की। परन्तु कांस्टेबल पवन कुमार बिना-विचलित हुए, आगे बढ़े और उसके साथ जूझते हुए संदिग्ध व्यक्ति के ऊपर गिर गए। उप-निरीक्षक गुरमीत सिंह भी उनकी मदद के लिए आ गए और अन्ततः उसे धर दबोचा। दबोचे गए आतंकवादी ने अपने आपको जगतार सिंह हवारा बताया जिसकी एक जानीमानी हस्ती की हत्या के संबंध में तलाश थी। उससे जीवित कारतूसों सहित एक पिस्तौल बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से आगे पूछताछ करने पर अन्य सह-अभियुक्त गिरोह व और षड्यंत्रकारियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ शस्त्र और गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, जहरीले पदार्थ, एक स्कूटर और मोटर-साईकिल इत्यादि का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री गुरमीत सिंह, उप-निरीक्षक और पवन कुमार, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22-12-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 46-प्रेज/96—राष्ट्रपति, तमिलनाडु सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री टी. राधाकृष्णन,
पुलिस उपायुक्त,
आसूचना।

श्री वी. राजलिन वेलकन,
सहायक पुलिस आयुक्त,
आर्कियार रेंज

श्री के. पेरिया,
सहायक पुलिस आयुक्त (एल पी सी)
थाना सैदापेठ

श्री पी. शक्तिवेलु,
निरीक्षक,
थाना सैदापेठ ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

24-9-1996 को जे. शाजी ने एक स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23-9-96 को कबीलन नामक व्यक्ति ने बंगलौर से फोन पर 5.00 लाख रु. की फिरौती मांगी है, फिरौती न दिए जाने पर उसने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है । आगे, उस अपराधी ने इस काम के लिए स्थान तय किया और श्री शाजी को सूचित किया । उसे अपने जाल में फंसाने के लिए, जांच के दौरान पुलिस ने श्री शाजी को अपने सेल्युलर फोन के साथ उस स्थल पर पहुंचने के लिए कहा जिससे कि वे फोन पर अभियुक्त के आगमन के बारे में ब्यौरा दे सकें । 24-9-96 को लगभग 15.00 बजे शाजी ने पुलिस उपायुक्त श्री टी. राधाकृष्णन को सूचित किया कि कबीलन ने उससे स्थान परिवर्तन के लिए कहा है क्योंकि उसे वहां कुछ अजनबी व्यक्तियों के आगमन का संदेह है । श्री टी. राधाकृष्णन ने तुरन्त ही 6 धर-पकड़ दल गठित किए जिनमें 21 पुलिस कर्मी शामिल थे और इनका नेतृत्व मुख्य रूप से स्वयं पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त वी राजलिन, सहायक पुलिस आयुक्त के पेरिया और निरीक्षक पी. शक्तिवेल कर रहे थे और शेष दलों का नेतृत्व अन्य पुलिस कर्मी कर रहे थे । लगभग 15.40 बजे शिकायतकर्ता अपनी कार पर नई जगह पहुंच गया । लगभग 16.00 बजे अभियुक्त ने नए स्थल में प्रवेश किया और अपनी कार शिकायत-कर्ता की कार के बराबर में खड़ी कर दी । पुलिस उपायुक्त श्री राधाकृष्णन ने अपने साथियों को सावधान कर दिया । पहले दिए गए निर्देश के अनुसार श्री शाजी कागजी धन सौंपने के लिए कबीलन की ओर बढ़े जिसने कि उन्हें अपनी कार के भीतर खींचने की कोशिश की । श्री शाजी द्वारा प्रतिरोध करने और सुरक्षा के लिए शोर मचाने पर अपराधी ने उन पर गोली चला दी और उन्हें घायल कर दिया । पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और कबीलन की ओर बढ़ी तथा उसके वाहन को निष्फल कर दिया । उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए कबीलन और उसके चालक ने अपने हथियार निकालकर अपनी पिस्तौल और रिवाल्वर से पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, पेरिया और शक्तिवेलु ने इसका बाखूबी जवाब दिया । इस मुठभेड़ में एक साईकिल सवार मारा गया और सहायक पुलिस आयुक्त पेरिया एवं अन्य घायल हो गए । लोगों को मारे जाने से बचाने के लिए पुलिस आयुक्त श्री राधाकृष्णन और उनके दल ने जवाबी गोलीबारी की । दोनों ओर से गोली चलने से पुलिस उपायुक्त स्वयं घायल हो गए । चूंकि यह इलाका बहुत भीड़-भाड़ वाला है इसलिए निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए पुलिस उपायुक्त ने कबीलन और उसके चालक की गोलीबारी का जवाब देने का आदेश दिया । कार के पास पहुंचने पर उन्होंने कबीलन को गोली लगने से मरे हुए और चालक को जीवन के लिए संघर्ष करते पाया, बाद में उसकी घायलावस्था में ही मृत्यु हो गई । अभियुक्त की कार से दो शाट गन, दो रिवाल्वर, एक एअर पिस्टल, 9 एम एम का एक पिस्तौल, 2 वॉकी टॉकी तथा एक सेल्यूलर फोन बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री टी. राधाकृष्णन, पुलिस उपायुक्त, वी. राजलिन वेलकन, सहायक पुलिस आयुक्त और के. पेरिया, सहायक पुलिस आयुक्त (एल पी सी) तथा पी. शक्तिवेलु, निरी-क्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24-9-1996 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 47-प्रेज/97—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश सरकार के निम्न-लिखित अधिकारी को उनकी वीरता, के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री किशन पाल (मरणोपरांत)
कान्स्टेबल,
थाना : खतौली,
जिला : मुजफ्फरनगर ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

23-9-94 को करीब 7.30 बजे पूर्वाह्न, कान्स्टेबल हरपाल सिंह और कान्स्टेबल किशन पाल सिंह को बैल्डिंग की एक दुकान में तीन संदिग्ध अपराधियों के मौजूद होने की सूचना मिली । इससे पहले कि अपराधी अपनी योजना को अंजाम दे पाते, दोनों कान्स्टेबल, यद्यपि वे निशस्त्र थे, उस दुकान की ओर गए और उन्होंने वहां रामपाल गुज्जर और दो अन्य को मौजूद पाया । कान्स्टेबलों ने अपनी पहचान बता कर अपराधियों को तलाशी देने को कहा परन्तु अपराधियों ने इसका कड़ा विरोध किया । अप-राधियों ने वहां से बच कर भागना शुरू किया परन्तु पुलिस ने उनका पीछा किया । पुलिस को आगे बढ़ने से रोकने के लिए रामपाल गुज्जर और दो अन्य अपराधियों ने अपने-अपने पिस्तौल निकाल लिए और पुलिस कान्स्टेबलों पर अन्धाधुंध गोलियां चलाने लगे जिससे कान्स्टेबल किशन पाल गोलियां लगने से घायल हो

गए और उन्होंने वहीं दम तोड़ दिया । कान्स्टेबल हरपाल सिंह बाल-बाल बच गए । अपराधी वहां से बच कर भाग गए ।

इस मुठभेड़ में श्री किशन पाल, कान्स्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23-9-1994 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 48-प्रेज/97—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री वी. के. गुप्ता,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
अलीगढ़ ।

श्री राम भरोसे,
अपर पुलिस अधीक्षक,
अलीगढ़ ।

श्री जयपाल सिंह,
सर्किल आफीसर,
अन्नादेवी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 19-9-95 को 2.45 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री वी. के. गुप्ता को गांव कानूपुरा में उन दो अपहर्ताओं के मौजूद होने की सूचना मिली जिन्होंने अलीगढ़ के दो लड़कों का अपहरण किया था । उन्होंने तुरन्त अन्य पुलिस अधिकारियों को तैयार होने का निदेश दिया और पी. ए. सी. की एक प्लाटून सहित बल को साथ लेकर तलाश अभियान के लिए रवाना हो गए । गांव कानूपुरा के बाहरी क्षेत्र में पहुंचने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वाहनों को वहीं छोड़ दिया और छिपने के स्थान की ओर बढ़ते हुए पुलिस बल को चार दलों में बांट दिया । पहले दल का नेतृत्व उन्होंने स्वयं और अन्नादेवी के सर्किल आफीसर श्री जयपाल सिंह ने सैकंड-इन-कमांड के रूप में संभाला, दूसरे दल का नेतृत्व श्री जयराम दास, पुलिस अधीक्षक (आर. ए.) ने किया, जिन्हें पूर्व की ओर से घेरा डालने का कार्य सौंपा गया, तीसरे दल, जिसका नेतृत्व श्री ए. एन. गुप्ता, थाना प्रभारी, अन्नादेवी कर रहे थे, को दक्षिण दिशा से घेरा डालने की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा चौथे दल का नेतृत्व श्री राम भरोसे, अपर पुलिस अधीक्षक कर रहे थे जिन्हें उत्तरी दिशा की ओर से कवर करना था । श्री गुप्ता और उनके दल ने साथ वाली छत पर चढ़ना शुरू कर दिया जहां हथियारों से लैस अपहरणकर्ता मौजूद थे । अत्यंत सावधानी बरतने के बावजूद भी अपहरणकर्ताओं ने श्री गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, और श्री जे. पी. सिंह, सर्किल आफीसर, अन्नादेवी को वहां देख लिया और गोलियों की बौछार कर दी । कुछ देर तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं । बदमाशों की गोली-बारी से विचलित हुए बिना दोनों अधिकारी अपनी जान को जोखिम में डालते हुए अपराधियों की ओर आगे बढ़े और उन पर जवाबी गोली चलाई । दोनों पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने रिवाल्वरों से एक-एक राउण्ड गोलियां चलाई । श्री वी. के. गुप्ता ने अपहरणकर्ताओं को समर्पण कर देने की चुनौती दी परन्तु इसके बदले में उन्होंने अपने-अपने हथियारों को फिर से भरना शुरू कर दिया । उन्होंने गोलियां भी चलाई और यह धमकी भी दी कि यदि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाया गया तो वे इन लड़कों को मार देंगे । इस धमकी की परवाह किए बिना श्री गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उनमें से एक सशस्त्र अपहर्ता पर झपट पड़े और हाथापाई के बाद उसे दबोच लिया । इसी प्रकार श्री जे. पी. सिंह ने भारी लड़ाई के बाद दूसरे अपहर्ता पर काबू पा लिया । इस बीच, इन अधिकारियों पर बदमाशों द्वारा अंधाधुंध गोली-बारी के कारण चिंतित अपर पुलिस अधीक्षक श्री राम भरोसे भी उत्तरी दिशा की ओर से घुस आए । उनकी गोलियों की परवाह किए बिना, उन्होंने उनमें से एक सशस्त्र अपहरणकर्ता को पकड़ लिया । तत्पश्चात्, एक पुलिस कर्मी ने मुख्य द्वार खोल दिया फिर शेष दल भी परिसर में अन्दर प्रवेश कर गया । पुलिस कर्मियों की मजबूत स्थिति देख अन्य बदमाश वहां से भाग निकलने के लिए मजबूर हो गए परन्तु पुलिस ने पीछा किया और उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य दो बचकर भागने में सफल हो गए । दो बंधकों की बरामदगी, कारखाने में निर्मित एक एस. बी. बी. एल. बन्दूक सहित चार अपराधियों की गिरफ्तारी, एक देशी राइफल, और कारतूसों सहित दो देशी पिस्तौलों की बरामदगी के साथ इस मुठभेड़ का अन्त हुआ ।

इस मुठभेड़ में, श्री वी. के. गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, राम भरोसे, अपर पुलिस अधीक्षक, श्री जयपाल सिंह, सर्किल आफीसर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19-9-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 49-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पी. सुदर्शनन, (मरणोपरान्त)
नायक,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट,
डी.एच.ई.पी.
दोयांग, नागालैंड ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कान्वाइ, जिसमें तीन वाहनों में 23 कार्मिक थे (उप निरीक्षक आर. एस. लिंगप्पा, हैड-कांस्टेबल आर. एन. गौड़, और नायक पी. सुदर्शनन सम्मिलित थे), 2-12-1995 को यूनिट के मासिक वेतन की 5.6 लाख रुपए की राशि के साथ वोखा में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा से वापस केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, डी.एच.ई.पी. दोयांग को लौट रहे थे । उप निरीक्षक लिंगप्पा, नगदी के साथ दूसरे वाहन में थे, इस वाहन को हैड-कांस्टेबल गौड़ चला रहे थे, वोखा से लगभग 5 किलोमीटर दूर, घने जंगलों से घिरी पहाड़ी सड़क पर, जैसे ही यह कान्वाइ सड़क के तीखे मोड़ पर पहुंची, इस पर एन.एस.सी.एन. के उग्रवादियों ने घात लगायी और स्वचालित हथियारों से भारी-गोलीबारी की । जबकि, सबसे आगे चल रहे वाहन में सवार केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सभी 6 कार्मिक घटनास्थल पर ही मारे गए, दूसरे वाहन पर भी भारी गोलीबारी की गयी और उग्रवादियों ने इस वाहन पर हथगोला फेंका । श्री लिंगप्पा की दाहिनी टांग में गोली लगी और श्री गौड़ भी जख्मी हो गए तथा वाहन का ब्रेक सिस्टम टूट गया । इसके बावजूद हैड-कांस्टेबल/ड्राईवर गौड़ अपने वाहन को चढ़ाई से पहले वाहन से आगे ले गए और वाहन को उग्रवादियों की गोलीबारी की रेंज से बाहर ले आए । उन्होंने अपने वाहन को, सड़क के किनारे बनी मुंडेर से टकराकर रोका । श्री लिंगप्पा, हालांकि टांग में गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए थे, फिर भी उन्होंने नगदी वाले बैग को उठाया, वाहन से बाहर आए और साथ के जंगल में आड़ ली । श्री गौड़ ने मृतक कार्मिकों के हथियार एकत्र किए और पहाड़ी-क्षेत्र में आड़ ले ली ।

इसी बीच, नायक सुदर्शनन, जो तीसरे वाहन में आ रहे थे, पार्टी के अन्य कार्मिकों के साथ वाहन से नीचे उतरे और मोर्चा लेकर उग्रवादियों पर गोलियां चलायी । उग्रवादियों ने जब यह देखा कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिक प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दे रहे हैं तो उन्होंने तीसरे वाहन पर हमला कर दिया । नायक सुदर्शनन अपने सुरक्षित मोर्चे से बाहर आए और वाहन के पीछे से गोलीबारी करने लगे, ताकि उग्रवादियों के एल. एम. जी. मोर्चे को तोड़ा जा सके । उनकी इस कार्रवाई से उग्रवादी बचाव मुद्रा में आ गए लेकिन उग्रवादियों ने नायक सुदर्शनन पर दूसरी तरफ से हमला बोल दिया और स्वचालित हथियारों की गोलियों की घातक बौछार उनके सीने पर हुई जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इस प्रकार, नायक सुदर्शनन ने, सेवा की उच्चतम परम्परा को बनाए रखते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया ।

इस मुठभेड़ में, श्री पी. सुदर्शनन, नायक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2-12-95 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 50-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री आर. एस. लिंगप्पा,
सहायक उप निरीक्षक (क्लर्क)
(अब उप निरीक्षक (सचिवालय)
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट,
डी.एच.ई.पी.
दोयांग, नागालैंड ।

श्री आर. एन. गौड़,
हैड-कांस्टेबल (ड्राईवर)
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट,
डी.एच.ई.पी.
दोयांग, नागालैंड ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कान्वाइ, जिसमें तीन वाहनों में 23 कार्मिक थे (उप निरीक्षक आर. एस. लिंगप्पा, हैड-कांस्टेबल आर. एन. गौड़, और नायक पी. सुदर्शनन सम्मिलित थे), 2-12-1995 को यूनिट के मासिक वेतन की 5.6 लाख रुपए की राशि के साथ वोखा में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा से वापस केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट, डी.एच.ई.पी. दोयांग को लौट रहे थे । उप निरीक्षक लिंगप्पा, नगदी के साथ दूसरे वाहन में थे, इस वाहन को हैड-कांस्टेबल गौड़ चला रहे थे, वोखा से लगभग 5 किलोमीटर दूर, घने जंगलों से घिरी पहाड़ी सड़क पर, जैसे ही यह कान्वाइ सड़क के तीखे मोड़ पर पहुंची, इस पर एन.एस.सी.एन. के उग्रवादियों ने घात लगायी और स्वचालित हथियारों से भारी-गोलीबारी की । जबकि, सबसे आगे चल रहे वाहन में सवार केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सभी 6 कार्मिक घटनास्थल पर

ही मारे गए, दूसरे वाहन पर भी भारी गोलीबारी की गयी और उग्रवादियों ने इस वाहन पर हथगोला फेंका । श्री लिंगप्पा की दाहिनी टांग में गोली लगी और श्री गौड़ भी जख्मी हो गए तथा वाहन का ब्रेक सिस्टम टूट गया । इसके बावजूद हैड-कांस्टेबल/ड्राईवर गौड़ अपने वाहन को चतुराई से पहले वाहन से आगे ले गए और वाहन को, उग्रवादियों की गोलाबारी की रेंज से बाहर ले आए । उन्होंने अपने वाहन को, सड़क के किनारे बनी मुंडेर से टकराकर रोका । श्री लिंगप्पा, हालांकि टांग में गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए थे, फिर भी उन्होंने नगदी वाले बैग को उठाया, वाहन से बाहर आए और साथ के जंगल में आड़ ली । श्री गौड़ ने मृतक कार्मिकों के हथियार एकत्र किए और पहाड़ी-क्षेत्र में आड़ ले ली ।

इसी बीच, नायक सुदर्शनन, जो तीसरे वाहन में आ रहे थे, पार्टी के अन्य कार्मिकों के साथ वाहन से नीचे उतरे और मोर्चा लेकर उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं । उग्रवादियों ने जब यह देखा कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिक प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दे रहे हैं तो उन्होंने तीसरे वाहन पर हमला कर दिया । नायक सुदर्शनन अपने सुरक्षित मोर्चे से बाहर आए और वाहन के पीछे से गोलीबारी करने लगे, ताकि उग्रवादियों के एल.एम.जी. मोर्चे को तोड़ा जा सके । उनकी इस कार्रवाई से उग्रवादी दबाव में आ गए लेकिन उग्रवादियों ने नायक सुदर्शनन पर दूसरी तरफ से हमला बोल दिया और स्वचालित हथियारों की गोलियों की घातक बौछार उनके सीने पर हुई जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इस प्रकार, नायक सुदर्शनन ने, सेवा, की उच्चतम परम्परा को बनाए रखते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया ।

इस मुठभेड़ में, श्री आर. एस. लिंगप्पा, सहायक उप निरीक्षक (क्लर्क) अब उप निरीक्षक (सचिवालय) और श्री आर. एन. गौड़, हैड-कांस्टेबल (ड्राईवर) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2-12-95 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 51-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री आर. एस. एच. एस. सहोता, (वीरता के लिए पुलिस पदक का बार)
सैकण्ड-इन-कमांड
(अब कमांडेंट)
7 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
नौगांव,
असम ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

4-5-1994 को बावेजिया गांव के आस-पास उल्फा के कार्य-कर्ताओं की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर, श्री आर. एस. एच. एस. सहोता, सैकिण्ड-इन-कमांड, 7 वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस, को कमांडेन्ट्स केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक दल को छापा मारने और उग्रवादियों को खोजने के लिए तलाशी अभियान चलाने हेतु तैनात किया गया । जब यह दल गांव बावेजिया में उग्रवादियों के छिपने के संदिग्ध स्थान का घेरा डाल रहा था तो उग्रवादी गाहीन गांव की ओर भागे । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों ने उग्रवादियों का पीछा किया और कुछ दूरी के बाद उग्रवादी दो ग्रुपों में विभाजित हो गए । उनमें से एक ग्रुप गांव गाहीन की ओर भागता रहा और चार उग्र-वादियों वाला दूसरा ग्रुप गांव कुजेरबारी और सतियाली की ओर भागा । अपने दल के सदस्यों के साथ श्री सहोता ने दूसरे ग्रुप का पीछा किया । उग्रवादियों ने ऊंचे-नीचे खेतों और मिट्टी के टीलों का लाभ उठाते हुए मोर्चा संभाला तथा श्री सहोता और उनके दल पर अंधाधुंध गोली-बारी करनी शुरू कर दी । उनमें से एक उग्र-वादी ने मिट्टी के टीले के पीछे आड़ लेकर, आगे बढ़ते हुए श्री सहोता पर बहुत नजदीक से गोलियां चलाईं । श्री सहोता ने उग्रवादी को समर्पण करने के लिए ललकारा परन्तु उग्रवादियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों पर गोलियां चलानी जारी रखीं । श्री सहोता, छिपे हुए उग्रवादी की ओर बढ़े और गोली चलाकर उसे मार गिराया, जिसकी बाद में जीतू उर्फ भास्कर बोरा के रूप में पहचान हुई । मृत उग्रवादी से एक सी. एम. स्टेनगन और 9 मि.मी. का एक राउण्ड बरामद हुआ । तत्पश्चात्, नायक कुलदीप सिंह समेत श्री सहोता ने भागते हुए दूसरे उग्रवादी का पीछा किया । नाला पार करने के लिए उन्होंने स्थानीय नाव की मदद ली । दुर्भाग्यवश, नाव नाले में डूब गई और दोनों ने 12 फुट गहरे नाले को तैर कर पार कर लिया और उसका पीछा करते रहे । उन्हें देख कर, छिपे उग्रवादी ने सर्वश्री सहोता और कुलदीप सिंह पर एक हथगोला फेंका परन्तु वे घायल होने से बच गए । जब वह दूसरा हथगोला फेंकने ही वाला था तो सर्वश्री सहोता और कुलदीप सिंह ने उस उग्रवादी पर हमला बोला और दोनों ने उस उग्रवादी पर एक साथ गोलियां चला कर उसको

वहीं मार गिराया । मृत उग्रवादी की बाद में हुरण्य राज बांगशी के रूप में पहचान की गई । यह पुलिस कार्मिकों और अन्य लोगों की हत्या करने में संलिप्त था । उस मृत उग्रवादी से एक एच.ई.-36 हथगोला और 4 डिटोनेटर्स बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री आर. एस. एच. एस. सहोता, सैकण्ड-इन-कमांड (अब कमांडेंट) ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य भत्ता भी दिनांक 4-5-1994 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 52-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :--

अधिकारी का नाम और पद

श्री कुलदीप सिंह,
नायक (अब हैड कांस्टेबल)
7वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
नौगांव, असम ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया ।

4-5-1994 को, गांव बाओंजिया के आस-पास उल्फा कार्यकर्ताओं की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सातवीं बटालियन के सैकिण्ड-इन-कमांड श्री आर. एस. एच. एस. सहोता की कमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक दल को उग्रवादियों को पकड़ने के लिए छापा मारने और तलाशी अभियान चलाने के लिए तैनात किया गया । जब यह दल, गांव बाओंजिया में संदिग्ध छिपने के स्थान पर घेरा डाल रहा था तो उग्रवादी गांव गाहीन की तरफ भाग गए । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों ने उग्रवादियों का पीछा किया और कुछ दूरी तक जाने के बाद उग्रवादियों ने दो ग्रुप बनाए । उग्रवादियों का एक ग्रुप गांव गाहीन की तरफ भागता चला गया और चार उग्रवादियों का दूसरा ग्रुप गांव कुजेरबारी और सतियाली की तरफ भागा । श्री सहोता ने अपने दल के कार्मिकों के साथ दूसरे ग्रुप का पीछा किया । उग्रवादियों ने ऊबड़-खाबड़ खेतों और मिट्टी के टीलों का फायदा उठाया, मोर्चा सम्भाला और श्री सहोता और उनके दल पर अंधाधुंध गोलियां चलायी । एक उग्रवादी ने एक मिट्टी के टीले के पीछे आड़ लेकर आगे बढ़ रहे श्री सहोता पर नजदीक से गोलियां चलायीं लेकिन श्री सहोता बच गए । श्री सहोता ने उग्रवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन उग्रवादी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों पर गोलियां चलाता रहा । श्री सहोता, छिपे हुए उग्रवादी की तरफ आगे बढ़े, उसका पता लगाया और उस पर गोली चला कर उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । उसकी शिनाख्त बाद में बीजू डेका उर्फ भास्कर बोरा के रूप में की गयी । मृतक उग्रवादी से एक 9 एम.एम. राउण्ड सहित एक सी.एम. स्टेनगन बरामद की गयी । उसके बाद श्री सहोता ने नायक कुलदीप सिंह के साथ, भाग रहे दूसरे उग्रवादी का पीछा किया । उन्होंने नाला पार करने के लिए एक स्थानीय नौका ली । दुर्भाग्यवश नौका नाले में उलट गयी लेकिन उन दोनों ने 12 फुट गहरे नाले को सुरक्षित ढंग से तैर कर पार कर लिया और उनका पीछा करना जारी रखा। उन्हें देखने पर, छिपे हुए उग्रवादी ने सर्व/श्री सहोता और कुलदीप सिंह पर एक हथगोला फेंका लेकिन वे बच गए । जब वह दूसरा हथगोला फेंकने ही वाला था तो सर्व श्री सहोता और कुलदीप सिंह ने उस उग्रवादी पर हमला बोला और दोनों ने एक साथ उस पर गोलियां चलायी और उग्रवादी को मार गिराया । मृतक उग्रवादी की शिनाख्त बाद में हुरण्य राज बांगशी के रूप में की गयी । यह पुलिस कार्मिकों और अन्य लोगों की हत्या में अन्तर्ग्रस्त था । मृतक उग्रवादी से चार डिटोनेटरों के साथ एक एच. ई.-36 हथगोला बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री कुलदीप सिंह, नायक (अब हैड कांस्टेबल) ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4-5-1994 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 53-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री दलीप सिंह,
सहायक कमांडेंट,
128वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
पश्चिमी त्रिपुरा ।

श्री मनिन्दर सिंह,
कान्स्टेबल,
128वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
पश्चिमी त्रिपुरा ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया

26-4-1996 को श्री दलीप सिंह, सहायक कमांडेंट को सूचना प्राप्त हुई कि सिधाई सेक्टर के ग्यांगफंग क्षेत्र में ए. टी. टी. एफ. (टाईगर फोर्स) के विद्रोहियों की गतिविधियां हो रही हैं। 27-4-1996 को बड़े सवेरे श्री दलीप सिंह ने स्पेशल टास्क फोर्स की दो प्लाटूनों को लेकर एक विशेष अभियान चलाया। यह दल 0015 बजे (27-4-1996 को) को हुंजामारा से रवाना हुआ और घने जंगलों से होता हुआ वहां पहुंचा। श्री दलीप सिंह ने अपने साथियों को बचकर भाग निकलने के सभी संभव रास्तों को कवर करने के लिए तैनात किया और फिर गांव ग्यानफुंग, जो कि एक पहाड़ी के ऊपर स्थित था, में तलाशी अभियान छेड़ा। उन्होंने पहाड़ी के दाहिनी ओर से चढ़ने के लिए उस तरफ पांच कर्मी तैनात कर दिए। वह कान्स्टेबल मनिंदर सिंह सहित एक टुकड़ी को लेकर एक गैप में से बांई ओर से पहाड़ी पर चढ़ने के लिए आगे बढ़े। जैसे ही वह पहाड़ी के निकट पहुंचे तो विद्रोहियों ने गोली-बारी करनी शुरू कर दी। इस टुकड़ी के दो स्काउट्स, जो कि दल में आगे थे, ने पोजीशन ले ली और विद्रोहियों पर गोली-बारी करनी शुरू कर दी। कान्स्टेबल मनिन्दर सिंह सहित श्री दलीप सिंह, जो कि स्काउटों के पीछे थे, ने विद्रोहियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। यह देखते हुए कि दोनों स्काउट को विद्रोहियों ने पहाड़ी पर से फंसा लिया है, कान्स्टेबल मनिन्दर सिंह सहित श्री दलीप सिंह बाईं ओर तेजी से गए और पहाड़ी के ऊपर बन्दूक से निकलती आग की दो लपटों को देखा। इधर विद्रोहियों ने भी दलीप सिंह और उनके दल को देख लिया था और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। यह देख कर कि विद्रोही एक सुरक्षित स्थान पर हैं, जहां पर उन पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों की गोलियों का असर नहीं हो रहा है, श्री दलीप सिंह ने कान्स्टेबल मनिन्दर सिंह सहित बाईं ओर पहाड़ी पर चढ़ने का फैसला किया। उन्होंने अपने दल के अन्य सदस्यों से कवरिंग फायर करते रहने को कहा।

दोनों उग्रवादियों ने उन पर अधिक तेजी से गोलियां चलानी शुरू कर दी। कान्स्टेबल मनिन्दर सिंह ने बांस के झुंड में एक विद्रोही की पोजीशन को देख लिया और कमांडर को इसकी सूचना दी। श्री दलीप सिंह ने मनिन्दर सिंह से वहां मोर्चा ले लेने और विद्रोही को वहीं मार गिराने को कहा, और वह स्वयं विद्रोहियों की स्थिति का स्पष्ट आकलन करने के उद्देश्य से आगे गए। कान्स्टेबल मनिन्दर सिंह भी विद्रोहियों की तरफ आगे बढ़े और अपने कमांडर को कवरिंग फायर प्रदान की। भारी गोली-बारी के बावजूद वे अपनी जगह से उठे और विद्रोहियों की ओर तेजी से बढ़े और उन पर गोलियां चला दीं। करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोली-बारी होती रही। बिना कोई समय गंवाए उन्होंने अन्तिम वार किया और एक व्यक्ति को घने बांसों के झुंड में मरा हुआ पाया जिसके हाथ में एक ए. के. 56 राईफल थी और उसकी छाती पर ए. के.-56 राइफल की मैगजीनों की थैली बंधी थी। बाद में उसकी शिनाख्त तरुण देव वर्मा के रूप में की गई, जोकि 20-1-1996 को के. रि. पु. बल के दल पर घात लगा कर हमला करने और के. रि. पु. बल के छह जवानों और एक सिविलियन की हत्या करने के लिए जिम्मेदार था। तथापि, अन्य विद्रोही जो घायल हो गया था, बचकर घने जंगलों में भागने में सफल हो गया। ए. के.-56 राइफल की तीन मैगजीनों सहित एक ए. के.-56 राईफल भी उससे बरामद की गई। एक मैगजीन पूरी तरह से खाली थी, दूसरी मैगजीन में केवल 4 राउण्ड ही शेष थे तथा तीसरी मैगजीन में करीब 20 राउण्ड थे। मृतक के पास फायर किए गए 11 खाली खोखे भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री दलीप सिंह, सहायक कमांडेंट और मनिन्दर सिंह, कान्स्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26-4-1996 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 54-प्रेज/97—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री परशु राम सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
73वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री नछत्तर सिंह,
हैड-कान्स्टेबल,
73वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

24-6-1993 को एक मुखबिर ने विशिष्ट सूचना दी कि हीरा सिंह, एरिया कमांडर को तीन/चार उग्रवादियों के साथ, जो सभी स्वर्ण सिंह जवान्दा गिरोह के थे, गांव हाजीरा माजरा के नजदीक देखा गया। यह सूचना गश्त दल को भेजी गयी, जो पहले ही उस क्षेत्र में ड्यूटी पर था और जिसमें स्टेशन हाउस आफिसर, पुलिस अपर अधीक्षक और स्टेशन हाउस आफिसर, बाजपुर के साथ सर्व/श्री परशुराम सिंह और नछत्तर सिंह उपस्थित थे। दो दल बनाए गए, एक दल, सी. ओ. के नेतृत्व में

आतंकवादियों की खोज में गया और दूसरा दल पश्चिमी दिशा की तरफ गया। जैसे ही पहला दल, संदिग्ध फार्म-हाउस के नजदीक पहुंचा, 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने पुलिस दलों को मारने के लिए स्वचालित हथियारों से गोलियां चलायीं। जब उन्होंने भागने की कोशिश की तो प्रथम दल ने उनका पीछा करना शुरू किया। उप-निरीक्षक परशुराम सिंह ने अपने आदमियों को आतंकवादियों पर हमला बोलने और गोलियां चलाने के लिए कहा। लेकिन आतंकवादियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पर भारी गोलीबारी की और वे गन्ने के खेतों में घुस गए। पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे। उन्होंने आतंकवादियों की चीखें सुनी जो जख्मी हो गए थे। श्री नछत्तर सिंह आतंकवादियों की तरफ आगे बढ़े और आतंकवादियों पर गोलीबारी की। लेकिन आतंकवादियों ने जवाबी गोलीबारी की और हथगोले भी फेंके। उप-निरीक्षक नछत्तर सिंह गम्भीर रूप से जख्मी हो गए लेकिन उन्होंने अपने आदमियों को आतंकवादियों पर गोलियां चलाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। बाद में उन्हें सहायक उप-निरीक्षक ने ललकारा। आतंकवादियों ने नारे लगाए और पुलिस दलों पर भारी गोलीबारी की तथा घेरे को तोड़ने की कोशिश की। घेरे को मजबूत करने के बाद आतंकवादियों पर राइफलों और हथगोलों से हमला किया गया। इसी बीच अन्धेरा हो गया और आतंकवादी, अरक्षित क्षेत्र का फायदा उठाकर उस स्थान से भाग गए। तलाशी के दौरान मृतक आतंकवादी की शिनाख्त ओंकार सिंह चीमा के रूप में की गयी। घटनास्थल से 1 ए. के.-56 राइफल, 1 ए. के.-56 राइफल मैगजीन, 64 ए. के.-56 सक्रिय कारतूस, 9 डिटोनेटर, 5,400 रु. नकद, 1 टेप रिकार्डर, 1 कैसेट, 1 टेलीफोन, 1 हैंड-टेलीफोन, 1 बंडल बिजली का तार, 1 पी. एस. टी. के/डी. टी. एफ. के लेटर पैड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री परशुराम सिंह उप-निरीक्षक और नछत्तर सिंह, हैड-कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24-6-1993 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 55-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री मोहिन्दर सिंह,
उप कमांडेंट,
31 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री जे. एस. चौहान,
उप-निरीक्षक,
जे ए डी (जी) टीम,
बारामूला।

श्री लखविंदर सिंह,
हैड कांस्टेबल,
31 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

29-8-1995 को एक सूचना प्राप्त हुई कि कुछ विद्रोही ग्राम मांझीगांव (सोपोर) में छिपे हुए हैं। उप कमांडेंट श्री मोहिन्दर सिंह को दो कंपनियों के साथ इस गांव की घेराबंदी और तलाशी के लिए तैनात किया गया। प्रातः 0430 बजे गांव का घेरा डाल दिया गया और शिनाख्त परेड के पश्चात् तलाशी दल को अलग-अलग घरों की तलाशी लेने का काम सौंपा गया। एक तलाशी दल जब सनोउल्लाह पर्रे नामक व्यक्ति के घर में घुसा तो घर में छिपे उग्रवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उप कमांडेंट श्री मोहिन्दर सिंह ने उस घर के चारों ओर घेराबंदी मजबूत कर दी और उग्रवादियों को निकाल बाहर करने की योजना बनानी शुरू कर दी। उन्होंने उग्रवादियों से कहा कि उन्हें चारों ओर से घेर लिया गया है और उनके समक्ष इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है कि वे या तो मारे जाएं या फिर आत्मसमर्पण कर दें परन्तु उग्रवादियों ने इसका जवाब, हथगोले फेंककर और गोलियां चलाकर दिया। चूंकि इधर से कोई उत्तर नहीं मिला था इसलिए श्री सिंह ने दूसरी मंजिल से उग्रवादियों के संचलन को रोकने के लिए एक खुले हिस्से से कुछ गोलियां चलाने के लिए एक दल को भेजा। श्री मोहिन्दर सिंह, जे. एस. चौहान, उप-निरीक्षक और लखविन्दर सिंह, हैड-कांस्टेबल उस घर की दीवाल तक पहुंच गए। उन्होंने श्री लखविन्दर सिंह, हैड-कांस्टेबल से कहा कि वे खिड़की से होकर गोला फेंकें और स्वयं उन्होंने खिड़की से मकान के अन्दर गोली चलाई। इस गोलीबारी का जवाब उग्रवादियों की ओर से दिया गया। श्री मोहिन्दर सिंह ने यह जान लिया कि घर के भीतर राइफलों सहित 2 उग्रवादी हैं। उस समय जब श्री चौहान के साथ श्री सिंह भी आगे की कार्रवाई के बारे में योजना बना रहे थे तो एक उग्रवादी ने खिड़की से होकर एक हथगोला फेंका जिससे वे दोनों घायल हो गए। उनकी बाईं बाहों में हथगोले के टुकड़े आकर लगे। अब उग्रवादी भूतल पर आ गए थे। भीतर की ओर अन्य हथगोले फेंके गए और दरवाजे एवं खिड़कियों से होकर एल एम जी एवं राइफलों द्वारा भूतल पर गोलियां चलाई गईं। दोनों ओर से 09.30 बजे तक गोलियां चलती रहीं। श्री सिंह ने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए पुनः चेताया और कहा कि ऐसा न करने पर वे घास के ढेर में आग लगा देंगे और वे जिंदा जल जाएंगे, जब उन्होंने कोई अनुरोध नहीं माना तो श्री सिंह ने घास में आग लगा दी जिससे घर में आग लग गई,

घर की खिड़कियां उग्रवादियों द्वारा बन्द नहीं की गई थीं इसलिए इन खिड़कियों से होकर बहुत सारा धुआं और आग भी घर में घुसने लगी । कोई अन्य विकल्प न पाकर एक उग्रवादी ने तीन मैगजीनों सहित अपनी राइफल फेंक दी और चिल्लाया कि वह आत्मसमर्पण करना चाहता है । श्री सिंह ने उससे दूसरे उग्रवादी के बारे में पूछा । उसने कहा कि दूसरा उग्रवादी मारा गया है । उससे कहा गया कि वह दूसरी राइफल भी फेंक दे । आड़ में रहते हुए श्री मोहिन्दर सिंह ने विद्रोही पर गोली चलाई और उसे निहत्था कर दिया । पूछताछ करने पर उग्रवादी ने बताया कि दो अन्य उग्रवादी अभी मकान के अंदर हैं, एक मर चुका है और दूसरा घायल है । श्री मोहिन्दर सिंह तेजी से मकान में घुसे और घायलावस्था में पड़े उग्रवादी को पकड़ लिया । गोला फटने से एक अन्य उग्रवादी मारा जा चुका था । ये तीन उग्रवादी थे—रशीद मौलवी, हिज्बुल मुजाहिदीन गिरोह का स्वयंभू एरिया कमांडर (मृत), गुलाम हुसैन (घायल) और बशीर अहमद नांतरे (गिरफ्त में लिया गया) । 3 ए. के. 56 राइफलें, 8 मैगजीनें 28 राउण्ड तथा ए. के.- श्रेणी के 7 बी एफ सी बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री मोहिन्दर सिंह, उप कमांडेन्ट, जे. एस. चौहान, उप-निरीक्षक, लखविन्दर सिंह, हैड-कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29-8-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 56-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री बालक राम,
सूबेदार,
43 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

21 जुलाई, 1995 को श्री बालक राम, सूबेदार को सोपोर के नसीराबाद कायनी क्षेत्र में उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त हुई । कट्टर उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए उस क्षेत्र में एक अभियान चलाने की योजना सेकेण्ड-इन-कमांड द्वारा बनाई गयी । चार भिन्न-भिन्न दिशाओं से सैनिक दल उस क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे तो श्री बालक राम वाले दल ने देखा कि दो संदिग्ध उग्रवादी खड़ी फसल/बगीचों से होकर आदिपुरा गांव की ओर बचकर भाग रहे हैं । श्री बालक राम ने उनका पीछा किया और भाग रहे संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का आदेश दिया परन्तु रुकने के बजाय उन्होंने दल के कर्मियों पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी । श्री बालक राम ने भी गोलीबारी का जवाब दिया, उनका तेजी से पीछा किया और भागते हुए उग्रवादियों को दौड़ते हुए गोलियां चलाकर उलझाया । उग्रवादियों ने एक नहर के किनारे पोजीशन ले ली और पीछा करने वाले दल को आगे बढ़ने से रोकने के लिए गोलियां चलाना शुरू कर दिया । श्री बालक राम, गोली चलाते और आड़ लेते हुए भाग रहे उक्त उग्रवादियों की दिशा में आगे बढ़े । एक उग्रवादी अपना मोर्चा छोड़कर महाराजपुरा मोहल्ले की ओर भागने लगा जबकि दूसरा, श्री बालक राम और उनके दल पर गोली चलाता रहा । भाग रहे उग्रवादी का पीछा उप कमांडेंट तथा अन्य ने किया परन्तु धान के खेतों और सेब के घने बागानों की आड़ लेकर वह बच निकलने में सफल हो गया । दूसरा उग्रवादी, खतरे को भांपकर अपनी पोजीशन छोड़कर बांध की आड़ लेता हुआ आदिपुरा गांव की ओर भागने लगा । श्री बालक राम पानी से भरे धान के खेतों से होकर दल के अन्य सदस्यों को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़े और बांध के एक मोड़ पर स्वयं पोजीशन लेकर उन्होंने उग्रवादी के बचकर भागने के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया । मोड़ पर पुलिस की मौजूदगी देखकर उग्रवादी ने अपने हथियार से गोलियों की बौछार की जिससे श्री बालक राम बाल-बाल बच गए । श्री बालकराम उग्रवादी पर टूट पड़े और थोड़े संघर्ष के बाद उस पर काबू पा लिया । पकड़े गए उग्रवादी ने अपना नाम अब्दुल रशीद पुत्र अब्दुल खालिक, मोहल्ला हजाम, सोपोर बताया, यह एक पाक प्रशिक्षित उग्रवादी तथा हिज्बुल मुजाहिदीन गिरोह का स्वयंभू प्लाटून कमांडर था । पकड़े गए उग्रवादी के पास से ए. के.-56 राइफल, ए. के. श्रेणी की मैगजीन, एन बी डी, .30 पिस्तौल की मैगजीन तथा .30 पिस्तौल के 8 राउण्ड बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री बालकराम, सूबेदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21-7-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 57-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री गुणपाल सिंह,
कांस्टेबल,
104 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

11 जुलाई, 1995 को 104 बटालियन मुख्यालय में सूचना प्राप्त हुई कि श्रीनगर शहर के नौगांव चौक के इलाके में एक महत्वपूर्ण विद्रोही नेता गुलाम मोहिउद्दीन को देखा गया है । यह जानकारी मिलने पर एक कमांडेंट के अधीन 2 सेक्शन कार्मिकों का एक सचल गश्ती दल तैनात किया गया । जब कमांडेन्ट उस चौक पर पहुंचे तो एक दुकान में बैठे उग्रवादियों ने इस दल पर गोलियां चलाईं और दो मकानों के बीच की जगह में पीछे की ओर हटने लगे । कमांडेंट ने अपने वाहन और कमांडो टुकड़ी को रोका और वाहन से बाहर निकलकर गली के दोनों तरफ पोजीशन ले ली । कांस्टेबल गुणपाल सिंह सामने की ओर था और गोली लगने से घायल होने के बावजूद गली में उग्रवादियों का पीछा करता रहा । उग्रवादियों की गोलीबारी के बावजूद श्री सिंह तेजी की ओर दौड़ते हुए तथा वृक्षयुक्त क्षेत्र में टेढ़े-मेढ़े होकर चलते हुए उन तक जा पहुंचे । एस्कार्ट का नेतृत्व कर रहे श्री सिंह ही उग्रवादियों पर गोली चला पाए तथा एस्कार्ट पार्टी के अन्य कार्मिक अपने हथियारों का प्रयोग न कर सके क्योंकि उनके अपने ही साथियों की सुरक्षा पर आंच आ सकती थी । तथापि, पहला उग्रवादी किसी तरह से नाला पार करके जंगल में बचकर निकल गया । गोलीबारी का जवाब देते हुए श्री सिंह और अन्य पुलिस कार्मिकों ने दूसरे उग्रवादी पर गोलियां चलाईं और उसे वहीं ढेर कर दिया । मृत उग्रवादी की शिनाख्त बाद में तहरीक-उल-मुजाहिदीन के उप प्रमुख गुलाम मोहिउद्दीन के रूप में हुई । एक ए.के.-56 राइफल, ए.के.-56 राइफल की 4 मैगजीन हथियार और गोलीबारूद तथा दो हथगोले मृत उग्रवादी के पास से बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री गुणपाल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11-7-1995 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 58-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री हरि पादकार, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल
50वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

20 जुलाई, 1995 को लगभग 0445 बजे, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में एक दल, खोशीपुरा गांव के आस-पास के क्षेत्र में उग्रवादियों के छिपने के एक संदिग्ध ठिकाने की टोह लेने तथा घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाने के लिए अच्छाबल चौकी से रवाना हुआ । लगभग 0600 बजे जब यह दल उस गांव के पास पहुंचा तो सहायक कमांडेन्ट ने एक प्लाटून को खोशीपुरा गांव से होकर गुजरने वाली सड़क पर तैनात कर दिया और शेष दो प्लाटून अपने पास रखकर दक्षिण-पश्चिम दिशा में टोह लेने के लिए गांव को पार कर गए । जब यह दल गांव से लगभग 300 मीटर दूर निकल गया तो उग्रवादियों ने दल पर गोलियां चलाईं । दल ने उग्रवादियों की गोलियों का जवाब दिया । इसके पश्चात उग्रवादी गांव की दिशा में भागकर भागने लगे । जब वे सड़क पार कर रहे थे तो भाग रहे उग्रवादियों का मुकाबला सड़क पर तैनात एक अन्य प्लाटून से हुआ परन्तु उग्रवादी, गोलीबारी के बीच बचकर निकलने में कामयाब हो गए और गांव की ओर भागे । सहायक कमांडेंट अपने सैनिकों के साथ पीछे से आगे बढ़े और उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया । उग्रवादी नाला पार कर गए और उन्होंने एक बागीचे के नजदीक में पोजीशन ले ली । उग्रवादियों को नाला पार कर जाने से रोकने के लिए एक प्लाटून तैनात कर दी गई, उस दल ने अखरोट के बगीचे की तलाशी लेनी शुरू की तो इस पर भारी गोलीबारी की गई । सहायक कमांडेंट के नेतृत्व वाले दल के स्काउट कांस्टेबल एच. पी. कार पर नाला पार करते समय भारी गोलीबारी की गई, एक गोली उसकी बाईं कनपटी पर आकर लगी और लगभग तत्काल ही उसकी मृत्यु हो गई । आक्रामक स्थिति होने के कारण कार्मिक सतर्क हो गए । कार्मिक दल को पता चला कि कम से कम दो उग्रवादियों ने वहां से बचकर निकलने के लिए महिलाओं के एक झुंड की आड़ ली थी । इसलिए वे एक अन्य उग्रवादी को तलाशने निकल पड़े जो कि एक दीवाल और अखरोट के पेड़ के पीछे छिपा हुआ था । परन्तु उसने अचानक ही इस दल पर, गोली चला दी । कार्मिक ने भी भीषण मुठभेड़ में उस उग्रवादी को मौत के घाट उतार दिया । मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त बाद में कारबोन गुलामी के रूप में हुई और कि हरकत-उल-अंसार दल से सम्बन्धित था । श्री कार ने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों का उत्सर्ग किया ।

इस मुठभेड़ में श्री हरि पाद कार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत

वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20-7-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 59-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

सुभाष चन्द्र शर्मा, (मरणोपरान्त)
उप कमांडेंट,
7वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

19-12-1995 को एक विशिष्ट सूचना मिलने पर, 3 उग्रवादियों को पकड़ने के लिए श्री एस. सी. शर्मा ने अन्य कार्मिकों के साथ छापा मारा और उन्हें पाक प्रशिक्षित एक अति-कट्टर उग्रवादी तथा पाक समर्थक उग्रवादी संगठन जेहाद फोर्स के सुप्रीम कमांडर बशीर अहमद को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके हथियारों का भंडार बल्लभनगर इलाके में पड़ा है। उप कमांडेंट श्री सुभाष चन्द्र शर्मा उस भूक्षेत्र को अच्छी तरह से जानते थे। उन्होंने अपने दल को चार हिस्सों में बांटा और उन्हें अलग-अलग रास्तों से उस क्षेत्र की ओर भेजा जहां वह छिपने का स्थान अवस्थित था। जब वह दल उस घर के पास पहुंचा तो भारी गोलीबारी हुई और उन्हें रुकना पड़ा। जवाब में पुलिस दल ने भी उग्रवादियों पर गोलियां चलाईं। उग्रवादियों की गोलीबारी और हथगोले फेंकने से अहमद जो कि इस दल को वहां तक लाया था, एक उग्रवादी की गोली से आहत होकर मारा गया। कुमुक भी बुला ली गई। उग्रवादियों और पुलिस दल के बीच लगभग आधा घंटे तक गोलियां चलती रहीं। श्री शर्मा ने अपनी हलकी मशीनगनों को सावधानी पूर्वक पोजीशन किया और दोनों ओर से गोलीबारी के बीच फंसकर अपनी जान गंवा बैठने का खतरा उठाते हुए उन्होंने सभी दिशाओं से एक साथ खिड़कियों से होकर गोलियां चलवाईं। जब उस घर से गोलीबारी बन्द हो गई तो श्री शर्मा, कमरों को उग्रवादियों से मुक्त करने के लिए हथगोले फेंकते हुए उस इमारत पर धावा बोलने हेतु अपने दल का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े। भीतर मौजूद विद्रोही मारे जा चुके थे और भारी मात्रा में हथियार एवं गोली बारूद, मैगजीन सहित एक पिस्तौल, पिस्तौल के पांच सक्रिय कारतूस, 3 पिस्तौल एफ. एफ. सी., 30 गोलियां युक्त ए. के. श्रेणी की मैगजीन, ए. के. श्रेणी की 51 गोलियां, ए. के. श्रेणी के 19 एफ. एफ. सी., जे. के. जेहाद फोर्स के 14 पैड तथा स्टाम्प बरामद किए गए। (16-4-1996 को जब श्री शर्मा गश्त ड्यूटी के बाद अपने कम्पनी मुख्यालय की ओर लौट रहे थे तो तुरत-फुरत तैयार की गई एक शक्तिशाली विस्फोटक युक्ति के विस्फोट से उनकी मृत्यु हो गई; यह सुरंग खास तौर से उन्हीं के लिए बिछाई गई थी।)

इस मुठभेड़ में श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, उप कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19-12-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 60-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री प्रवीण बख्शी,
सहायक कमांडेंट,
162 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

16-10-1995 को एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादी परीपोरा क्षेत्र में देखे गए हैं। कम्पनियों से जुटाए गए अपने कमांडो सैनिकों के साथ सहायक कमांडेंट श्री प्रवीण बख्शी बटालियन मुख्यालय से निकल पड़े। श्री प्रवीण बख्शी ने अपने दल को 4 ग्रुपों में विभाजित किया और 4 अलग-अलग दिशाओं से उन्हें लक्षित क्षेत्र पर पहुंचने के लिए तैनात किया। विद्रोहियों ने लक्षित क्षेत्र में स्थित एक घर से गोलीबारी की। पुलिस कार्मिकों की आवाजाही देखकर उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया। श्री बख्शी ने हैड-कांस्टेबल श्री के. पी. प्रधान के अधीन अपने कमांडो को उस घर की एक दीवाल की तरफ भेजा जहां कि उस घर की ओर तैनात 2 हल्की मशीनगनों की गोलीबारी के कारण उग्रवादी पलटकर गोली नहीं चला पा रहे थे। श्री प्रधान एक खिड़की तक पहुंच गए और उन्होंने मकान के अंदर एक हथगोला फेंक दिया। जब हथगोला फटा तो विद्रोही गिरोह का नेता मारा गया। तथापि, एक उग्रवादी गोली चलाने में सफल हो गया, गोली श्री प्रधान के सिर में लगी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने गोली चलाना तब तक जारी रखा जब तक वे बेहोश न हो गए। श्री बख्शी ने श्री प्रधान को वहां से निकाला किन्तु उनकी मृत्यु घायलावस्था में ही हो गई।

इस मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मारे गए और दो जख्मी हुए। घटना स्थल से ए. के. 47 राइफलें, मैगजीन, गोली बारूद, स्टीरियो मिनी कैसेट रिकार्डर, ग्रेनेड, मैगजीन पाउच, स्टिक ग्रेनेड पाउच, अरबी की किताब और आडियो कैसेट बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री प्रवीण बख्शी, सहायक कमांडेन्ट ने अदम्य वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16-10-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं० 61-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री के० पी० प्रधान (मरणोपरान्त)
हैड कांस्टेबल,
162 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

16-10-1995 को एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादी परीपुरा क्षेत्र में देखे गए हैं। कंपनियों से जुटाए गए अपने कमांडो सैनिकों के साथ सहायक कमांडेंट श्री प्रवीण बख्शी बटालियन मुख्यालय से निकल पड़े। श्री प्रवीण बख्शी ने अपने बल को 4 ग्रुपों में विभाजित किया और 4 अलग-अलग दिशाओं से उन्हें लक्षित क्षेत्र पर पहुंचने के लिए तैनात किया। विद्रोहियों ने लक्षित क्षेत्र में स्थित एक घर से गोलीबारी की। पुलिस कर्मियों की आवाजाही देखकर उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया। श्री बख्शी ने हैड-कांस्टेबल श्री के० पी० प्रधान के अधीन अपने कमांडो को उस घर की एक दीवाल की तरफ भेजा जहां कि उस घर की ओर तैनात 2 हल्की मशीनगनों की गोलीबारी के कारण उग्रवादी पलटकर गोली नहीं चला पा रहे थे। श्री प्रधान एक खिड़की तक पहुंच गए और उन्होंने मकान के अंदर एक हथगोला फैंक दिया। जब हथगोला फटा तो विद्रोही गिरोह का नेता मारा गया। तथापि, एक उग्रवादी गोली चलाने में सफल हो गया, गोली श्री प्रधान के सिर में लगी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिंता किए बिना उन्होंने गोली चलाना तब तक जारी रखा जब तक वे बेहोश न हो गए। श्री बख्शी ने श्री प्रधान को वहां से निकाला।

किन्तु उनकी मृत्यु घायलावस्था में ही हो गई। इस मुठभेड़ में 4 उग्रवादी मारे गए और दो जख्मी हुए। घटना स्थल से ए० के० 47 राइफलें, मैगजीन, गोली बारूद, स्टीरियो मिनी कैसेट रिकार्डर, ग्रेनेड, मैगजीन पाउच, स्टिक ग्रेनेड पाउच, अरबी की किताब और आडियो कैसेट बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री के० पी० प्रधान, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16-10-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं० 62-प्रेज/97—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री एस० बी० मुखर्जी,
सहायक कमांडेंट (तकनीकी),
104 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री वीर पाल सिंह,
कांस्टेबल,
104 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

13-10-1995 को करीब 1115 बजे सूचना मिली कि एक ओर से गांव नौगाम, चिरालीपुरा, पदशाहीबाग और दूसरी ओर से बारामूल्ला बाई-पास रोड से घिरे हुए लासजन जंगल में कुछ उग्रवादी छिपे हुए हैं। करीब 1200 बजे एक कमांडेंट और तीन कम्पनियों के नेतृत्व वाले एक तलाशी दल ने एक जहूर महमद भट्ट नामक व्यक्ति को रोका जिसने आगे पूछताछ के दौरान बताया कि जंगल में चार और सशस्त्र उग्रवादी छिपे हुए हैं। कमांडेंट तक इस संदेश को पहुंचा दिया गया और तलाशी दलों को सतर्क कर दिया गया। करीब 1245 बजे श्री मुखर्जी और उनके दल ने चारों उग्रवादियों को देखा जिनमें दो के पास ए० के० श्रेणी की राइफलें थीं तथा अन्य दो के पास कोई शस्त्र नहीं था। श्री मुखर्जी ने तुरन्त इस संदेश को द्वि० कमांडेंट तक पहुंचा दिया। उसके बाद श्री मुखर्जी ने

अपने दल के अन्य सदस्यों को साथ लेकर उग्रवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया। उग्रवादियों ने जब श्री मुखर्जी के नेतृत्वाधीन सीमा सुरक्षा बल के दल को देखा तो उन्होंने इस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। श्री मुखर्जी और उनके दल ने जवाबी गोली-बारी की। दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं तथा उग्रवादी सीमा सुरक्षा बल के दल पर गोलियां चलाते हुए बारामूल्ला बाई-पास की ओर भागते गए। जब श्री मुखर्जी और आगे बढ़े तो उग्रवादियों ने उन पर एक हथगोला फेंका जो श्री मुखर्जी के थोड़ा सा आगे गिरकर फटा। भाग्यवश, श्री मुखर्जी ने ऊंची-नीची भूमि के एक टुकड़े के पीछे पोजीशन ले ली थी। उग्रवादियों की गोलियों की बौछार से विचलित हुए बिना और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर, श्री मुखर्जी ने अपने साथियों को इन उग्रवादियों का गोलियों से सफाया कर देने का आदेश दिया। दोनों ओर से गोलियां चलने के कारण उनमें से एक उग्रवादी के सिर में गोली लगी, जिससे उसकी वहीं मौत हो गई। शेष तीन उग्रवादी नाले में छिपने के लिए मजबूर हो गए। उग्रवादियों की पोजीशन का जायजा लेने तथा कमांडेंट के निर्देश प्राप्त करने के उपरान्त सुरक्षा दल आगे बढ़ा और उग्रवादियों को गोली-बारी में उलझा लिया। चारों ओर से अचानक की गई इस गोली-बारी से उग्रवादी हैरान हो गए तो उन्होंने अंधाधुंध गोली-बारी करते हुए और हथगोले फेंकते हुए बारामूल्ला बाई-पास की ओर से सुरक्षा बलों के घेरे को तोड़ने का निष्फल प्रयास किया। इस गोली-बारी के दौरान श्री बीरपाल सिंह बाल-बाल बचे। उग्रवादियों की भारी गोली-बारी के बावजूद अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना कांस्टेबल बीरपाल सिंह उग्रवादियों की ओर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते गए और उन्होंने अपनी ए० के० राइफल से गोली चलाकर एक उग्रवादी को वहीं मार गिराया। इसी समय दूसरे पुलिस दल ने उग्रवादियों के साथ सीधे गोली-बारी कर उनसे सीधी टक्कर ली और तीसरे उग्रवादी को मार डाला। इस बीच एक अन्य पुलिस दल भी वहां पहुंच गया और कमांडेंट के दल के साथ मिलकर कार्रवाई में शामिल हो गया। चौथा उग्रवादी, जो अभी तक सिपाहियों पर गोली-बारी कर रहा था, को चारों ओर से घेर लिया गया और उसे भी वहीं मार गिराया गया। मारे गए उग्रवादियों की बाद में बिलाल अहमद खान उर्फ यूनुस, मुजफ्फर अहमद उर्फ अलियास, रियाज अहमद उर्फ तामातोर और गुलजार अहमद उर्फ जावेद के रूप में की गई। घटनास्थल से 3 ए० के० राइफलें, 2 चीनी पिस्तौलें, 11 ए० के० मैगजीनें, 4 पिस्तौल मैगजीनें, 2 हथगोले, 1 डिजिटल वायरलेस सैट, ए० के० श्रेणी के 233 राउण्ड और पिस्तौल के 20 राउण्ड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री एस० बी० मुखर्जी, सहायक कमांडेंट (तकनीकी), बीरपाल सिंह, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावाल के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13-10-1995 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं० 63-प्रेज/97:—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री आई० कंवर, (मरणोपरान्त)
उप कमांडेंट,
27 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

श्री विनोद कुमार (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
27 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

श्री बी० एन० सिंह (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
27 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

2 अक्तूबर, 1993 को सीमा सुरक्षा बल की 27 वीं बटालियन के कमांडेंट को सूचना प्राप्त हुई कि सशस्त्र उग्रवादियों का एक ग्रुप जिसमें कुछ विदेशी भी शामिल हैं, तिलसरा गांव में मौजूद हैं। सीमा सुरक्षा बल की एक मजबूत टुकड़ी को तैनात किया गया और यूनिट में पहुंचने के बाद इस टुकड़ी को चार ग्रुपों में बांटा गया, पहली टुकड़ी का नेतृत्व श्री आई० कंवर, दूसरी का नेतृत्व श्री डी० एस० साधू, तीसरी पार्टी का नेतृत्व श्री त्रिलोचन सिंह, चौथी पार्टी का नेतृत्व श्री एस० एस० कुशवाहा के हाथों में था। गांव के आस पास घेरा भी डाल दिया गया। घेरा डाले जाते समय, गांव में छिपे लगभग आधा दर्जन विद्रोहियों को पुलिस की मौजूदगी का आभास हो गया। चूंकि उग्रवादी उस क्षेत्र से परिचित थे इसलिए उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई और एक नाले में कूदकर बच निकले। कांस्टेबल विनोद कुमार ने एक उग्रवादी को हथगोला फेंकते देखकर उस पर गोली चलाई और उसे वहीं ढेर कर दिया। उसी समय एक अन्य उग्रवादी ने विनोद कुमार पर गोली चलाई और उसे मार डाला। यह सूचना तुरन्त श्री कंवर को मिल गई और वे तुरन्त ही पीछा करते हुए उनके पीछे घाटी में चले गये।

परन्तु विद्रोही, ढलान पर चढ़ गये और लाभदायक पोजीशन ले ली। जब उग्रवादियों ने देखा कि श्री आई० कंवर और अन्य टुकड़ियों द्वारा उन पर काबू पा लिया गया है

